

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र



रणवीर सिंह की रोमा बन सकती हैं कृति सेनन! :- पेज 8

बुमराह विजडन के अग्रणी पुरुष क्रिकेटरः- पेज 8

वर्ष : 01 | अंक: 20 | बुधवार- 23 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्यः 4 रुपए


## शक्ति दुबे सिविल सेवा परीक्षा में अव्वल; हर्षिता गोयल, डोंगरे अर्चित पराग को द्वितीय, तृतीय स्थान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम में शक्ति दुबे ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, हर्षिता गोयल और डोंगरे अर्चित पराग को द्वितीय एवं तृतीय रैंक मिली है। शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाली दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक किया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दुबे ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। एम. एस. विश्ववद्यालय बड़ौदा से बी.कॉम. स्नातक हर्षिता गोयल ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया और परीक्षा उत्तीर्ण



शक्ति दुबे

की। यूपीएससी द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम के अनुसार, डोंगरे अर्चित पराग ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में दर्शनशास्त्र लिया था।



हर्षिता गोयल

शाह मार्गी चिराग ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है।

कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक की डिग्री रखने वाले आकाश गर्ग ने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से इंजीनियरिंग की है। शीर्ष पांच में सफल अभ्यर्थियों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित की जाती है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024, पिछले साल 16 जून को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवारों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए अर्हता प्राप्त की, जो सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार व्यक्तित्व परीक्षण या साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण हुए, जो इस साल सात जनवरी से 17 अप्रैल के बीच हुआ। इनमें से 1,009 अभ्यर्थियों (725 पुरुष और 284 महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुल सफल उम्मीदवारों में से 335 सामान्य वर्ग से, 109 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से, 318 अन्य पिछड़ा वर्ग से, 160 अनुसूचित जाति से और 87 अनुसूचित जनजाति से हैं। इसमें कहा गया कि सरकार ने 1,129 रिक्तियों की सूचना दी है, जिनमें आईएएस में 180, आईएफएस में 55, आईपीएस में 147, विभिन्न केंद्रीय ग्रुप ए सेवाओं में 605 पद और ग्रुप बी सेवाओं में 142 पद सिविल सेवा परीक्षा 2024 के माध्यम से भरे जाने हैं। शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। यूपीएससी ने कहा कि ये अभ्यर्थी देश के प्रमुख संस्थानों जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), वीआईटी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, चिकित्सा विज्ञान और वास्तुकला में स्नातक है।

इन शीर्ष 25 सफल अभ्यर्थियों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में वैकल्पिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला का चयन किया, जिनमें नृविज्ञान, वाणिज्य और लेखाशास्त्र, भूगोल, गणित, दर्शनशास्त्र, भौतिक विज्ञान, राजनीति शास्त्र और अंतरराष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र तथा तमिल भाषा का साहित्य शामिल हैं। अनुशंसित अभ्यर्थियों में दिव्यांगता मापदंड वाले 45 व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनमें 12 अस्थि दिव्यांग, आठ दृष्टि बाधित, 16 श्रवण बाधित और नौ बहु दिव्यांगगता वाले अभ्यर्थी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत टली



**नयी दिल्ली(एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि पोप फ्रांसिस के निधन के कारण राष्ट्रीय शोक की घोषणा के आलोक में दिल्ली इलेक्ट्रिक वेहिकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत स्थगित कर दी गयी है। भारत सरकार ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन के बाद तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, धर्मगुरु महामहिम पोप फ्रांसिस जी के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से देवी योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत को स्थगित कर दिया गया है। नयी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। दिल्ली सरकार की योजना के अनुसार, गाजीपुर डिपो से देवी पहल के तहत 76 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

### दिल्लीः सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की गैर-शिक्षण कार्यों में सहायता करेगा एआई टूल




**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली सरकार सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से गैर-शिक्षण कार्यों जैसे पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन बनाने, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए नये विचारों की खोज करने और फोटो संपादित करने आदि का प्रशिक्षण देगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के एक अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में पढ़ाने के लिए अधिक समय देना और दोहराव वाले तथा अधिक समय लेने वाले काम को प्रौद्योगिकी की मदद से आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि योजना के हिस्से के रूप में सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर विज्ञान के 100 शिक्षकों का चयन किया जाएगा और इन कार्यों को सरल बनाने के लिए तैयार किये गये विभिन्न ह्यएआई टूलह्न का इस्तेमाल करने के लिये प्रशिक्षित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया, प्रशिक्षण के बाद ये 100 शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में 50 चुनिंदा सरकारी विद्यालयों का दौरा करेंगे और अन्य शिक्षकों को इन एआई टूल का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया, हम न केवल इस कार्यक्रम को शुरू कर रहे हैं, बल्कि शिक्षकों से प्रतिक्रिया प्राप्त कर यह भी पता लगाएंगे कि वे एआई उपकरणों का सही तरीके से उपयोग कर पा रहे हैं या नहीं। अधिकारी ने बताया कि कुछ शिक्षक शुरू में एआई के उपयोग को लेकर झिझक रहे थे, क्योंकि उन्हें डर था कि यह उनकी नौकरी छीन सकता है।

उन्होंने बताया, इस पहल के माध्यम से हम उन्हें (शिक्षकों को) आश्वस्त करना चाहते हैं कि एआई उनकी मदद करने के लिए है, न कि उनकी जगह लेने के लिए। अधिकारी ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य शिक्षकों के गैर-शिक्षण कार्यभार को कम करना है, ताकि वे शिक्षण पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकें।

पहलगाम आतंकी हमला

## प्रधानमंत्री ने शाह से उचित कदम उठाने जम्मू कश्मीर का दौरा करने को कहा







**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे स्थिति से निपटने के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाने को कहा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी ने शाह से केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने को कहा है।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए और कम से कम 20 घायल हो गए।

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मृतकों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमला हाल के वर्षों में आम नागरिकों पर किए गए किसी भी हमले से कहीं बड़ा है।

### 'नाम पूछा और मार दी गोली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम ने आतंकियों ने मंगलवार (22 अप्रैल) को पर्यटकों पर हमला कर दिया. सूत्रों के मुताबिक, इस आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है. सूत्रों के मुताबिक, दो से तीन हमलावर पुलिस की वर्दी में थे और इस हमले के पीछे आतंकी संगठन टीआरएफ के हाथ होने की आशंका है. अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पहलगाम से ही होती है. इस साल 3 जुलाई 2025 से अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है और रक्षाबंधन पर 9 अगस्त 2025 को समाप्त होगी. ये हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की यात्रा पर हैं और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में हैं. पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई लोग मारे गए और कम से कम 20 घायल हो गए. सूत्रों ने इसकी जानकारी थी. इसमें कुछ स्थानीय लोग भी शामिल हैं. बैरसन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग की घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है. आतंकी हमले के बाद इलाके में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. घटनास्थल के लिए डीजीपी और आईजी रवाना हुए.

### तुरंत श्रीनगर के लिए रवाना हो रहा हूंः अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद कहा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** *केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद कहा कि वह तुरंत श्रीनगर के लिए रवाना हो रहे हैं।*

*दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में आतंकवादी हमले में कई लोगों मौत हो गई और कम से कम 20 अन्य घायल हो गए।*

*गृह मंत्री ने कहा, मैं सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए शीघ्र ही श्रीनगर रवाना हो रहा हूं। शाह ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटना के बारे में जानकारी दी है। संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की है।*

*उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

**मैंने प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटना के बारे में जानकारी दी है। संबंधित अधिक ारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की है।**

-गृह मंत्री अमित शाह

## उच्च न्यायालयों को अनु. 142 के तहत शक्ति का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती : शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत को हासिल शक्ति उच्च न्यायालयों को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया था। अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को देश के भीतर उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेशह्न पारित करने का अधिकार देता है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा, हम इस तरह के अनुरोध को कैसे मंजूरी दे सकते हैं? इसके लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। आप संसद के पास जाइए।

पीठ ने कहा, याचिका में किया गया अनुरोध पूरी तरह से गलत है।



संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त शक्ति केवल इस अदालत को हासिल है, उच्च न्यायालयों को नहीं। इसलिए, हम उच्च न्यायालयों को अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत को हासिल शक्ति का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दे सकते।

उच्चतम न्यायालय ने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अभिनव भारत कांग्रेस की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

## जनता एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में जान गई है, रणनीति में बदलाव करें प्रधानमंत्रीः प्रियंका

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने पति रॉबर्ट वाद्रा से पूछताछ और मां सोनिया गांधी तथा भाई राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके सलाहकार गलत सलाह दे रहे हैं और उन्हें अब अपनी रणनीति में बदलाव करना चाहिए। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह सब राजनीतिक कारणों से हो रहा है।

प्रियंका गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह भी ईडी के निमंत्रण का इंतजार कर रही हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन



के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इस बीच, ईडी ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले दिनों में रॉबर्ट वाद्रा से तीन दिनों तक पूछताछ की। प्रियंका गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री के सलाहकार गलत सलाह दे रहे हैं।

## भारतीय विरासत स्थलों पर पर्यटकों की संख्या 5 साल में 19 फीसदी बढ़ी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के लोकप्रिय विरासत स्थलों पर 2023-24 में पर्यटकों की संख्या में कोरोना-पूर्व काल के मुकाबले 19 फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, इससे टिकट ब्रिकी से अधिक राजस्व हासिल करने में मदद नहीं मिली, अलबत्ता यह राशि 2.83 प्रतिशत घट गई। आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण तो कुछ यही बयां करता है।

राज्यसभा में 143 विरासत स्थलों के संबंध में पेश भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या 2019-20 में लगभग 4.60 करोड़ से 19.35 फीसदी बढ़कर 2023-24 में करीब 5.49 करोड़ हो गई।

विश्लेषण के मुताबिक, पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के बावजूद इन विरासत स्थलों पर टिकट की बिक्री से होने वाले राजस्व में 2.83 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 2019-20 में लगभग 312.54 करोड़ रुपये से घटकर 2023-24 में करीब 303.70 करोड़ रुपये हो गया। विश्लेषण के अनुसार, टिकट बिक्री से होने वाले राजस्व में गिरावट घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या में आए बदलाव की ओर इशारा करती है। आंकड़ों पर गौर करें तो इन विरासत स्थलों पर घरेलू पर्यटकों की संख्या 2019-20 में लगभग 4.36 करोड़ से 21.75 फीसदी बढ़कर 2023-24 में करीब 5.31 करोड़ हो गई, जबकि विदेशी पर्यटकों की आमद में 16.03 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई और यह 2019-20 में करीब 27.56 लाख से घटकर 2023-24 में लगभग 23.15 लाख हो गई।

### टिकट राजस्व 2.83 फीसदी घटा



विश्लेषण के मुताबिक, घरेलू पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विदेशी आगंतुकों की तादाद में कमी कोरोना-पूर्व काल की तुलना में कुल पर्यटक संख्या में इजाफे के बावजूद टिकट ब्रिकी से राजस्व में गिरावट की मुख्य वजह है, क्योंकि विदेशी आगंतुकों से अधिक टिकट शुल्क वसूला जाता है। यह रुझान राष्ट्रीय तस्वीर को बयां करता है। आंकड़ों के अनुसार, देश में 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर पर विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) 2019-20 के स्तर के मुकाबले लगभग 87 फीसदी (95.2 लाख) रहा।

आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन से होने वाली कुल विदेशी मुद्रा आय (एफईई) 2023-24 में 28.08 अरब अमेरिकी डॉलर रही, जो 2019 में रिकॉर्ड 30.72 अरब अमेरिकी डॉलर एफईई से कम है।

संयुक्त राष्ट्र की ओर से विकसित लेखांकन ढांचे ह्यटूरिज्म सैटेलाइट अकाउंटह्न के आंकड़ों के अनुसार, पर्यटन क्षेत्र अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बना हुआ है, जिसकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कुल (प्रत्यक्ष+अप्रत्यक्ष) हिस्सेदारी पांच फीसदी होने का अनुमान है और 2022-23 में इसने 7.62 करोड़ नौकरियों का सृजन किया।

एएसआई के आंकड़ों के मुताबिक, 2019-20 के मुकाबले 2023-24 में राजरानी मंदिर (301 फीसदी), अशोकन रॉक एडिक्ट (251 फीसदी) और कोणार्क सूर्य मंदिर (53.5 फीसदी) जैसे विरासत स्थलों पर टिकट बिक्री से राजस्व में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि तिरुमलाई नायक महल (98.2 प्रतिशत), मूवरकोइल (90.1 प्रतिशत) और आगरा किला (47.2 प्रतिशत) में इसमें जबरदस्त गिरावट देखने को मिली।

आंकड़ों के अनुसार, ताज महल में पर्यटकों की संख्या में 31.27 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि टिकट बिक्री से राजस्व महज 1.48 प्रतिशत बढ़ा। वहीं, कुतुब मीनार में पर्यटकों की संख्या में 45.1 फीसदी, जबकि टिकट बिक्री से राजस्व में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके विपरीत, हुमायूं के मकबरे पर पर्यटकों की संख्या में 16.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व में 29.8 फीसदी की गिरावट आई।

## संपादकीय

# बेलगाम बयानबाजी पर अंकुश लगाए भाजपा

कुछ समय पहले तक उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई टिप्पणियों की चर्चा होती रही है। कहा गया कि इससे न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव सार्वजनिक हुआ है। चर्चा रही कि इससे जनमानस में अविश्वास व भ्रम की स्थिति बनती है। अब इस टिप्पणी से उत्साहित होकर भाजपा के दो सांसदों ने लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ पर अमर्यादित ढंग से निशाना साधा है। उस महत्वपूर्ण स्तंभ पर जिसका कार्य संविधान की गरिमा बनाना और न्याय सुनिश्चित करना है। दरअसल, विधानसभाओं में विधेयकों को मंजूरी देने के लिये समय सीमा तय करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि ह्यकोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।ह्न वहीं दूसरी ओर लोकसभा में झारखंड के गोड्डा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद निशिकांत दुबे ने भी चिंताजनक ढंग से तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाने का काम अपने हाथ में ले ले तो संसद और राज्य विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए। यहां तक कि उन्होंने देश के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को भी नहीं बख्शा और उन्हें देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने वाला बताया। इतना ही नहीं, कुछ समय उपरांत उन्होंने अपने बयान को और हल्का करते हुए कहा कि एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ह्यमुस्लिम आयुक्तह्न की भूमिका में रहे हैं। बहुत संभव है कि दोनों भाजपा नेताओं ने पार्टी में अपना कद बढ़ाने के मकसद से ऐसे बयान दिए होंगे। यह भी कि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा को बड़ा करके दिखाने का ही प्रयास किया। उन्हें लगता है कि शायद पार्टी उन्हें उनकी वफादारी के लिये पुरस्कृत करेगी। लेकिन भगवा पार्टी ने उन्हें सिर्फ फटकार ही लगाई है। वहीं दूसरी ओर पार्टी ने खुद को उनकी व्यक्तिगत टिप्पणियों से अलग रखने की बात कही है।

निस्संदेह भाजपा को लोकतंत्र के अभिन्न अंग के रूप में न्यायपालिका के प्रति अपने सम्मान की भी पुष्टि करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि जब तक दोनों भाजपा नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक भाजपा का यह दावा अविश्वसनीय ही बना रहेगा। पहले भी भाजपा के शीर्ष नेताओं ने तब भी उस बयानबाजी को प्रश्रय नहीं दिया, जब आक्रामक बयानबाजी करने वाली सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने अनर्गल बयानबाजी की थी। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञा ने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहकर हंगामा कर दिया था। तब भी पार्टी ने बस इतना किया था कि उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था और संसदीय पैनल से हटा दिया था। तब उन्होंने दो बार लोकसभा में माफी भी मांगी थी। कालांतर समय के साथ मामला शांत हो गया था। जैसा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को उम्मीद भी थी। लेकिन इस बार भी यदि ऐसा ही नतीजा सामने आता है तो यह उचित नहीं कहा जा सकता। यह देखते हुए कि दुबे और शर्मा ने मयार्दा की एक सीमा रेखा को पार किया है ,यह स्पष्ट रूप से न्यायालय और संविधान की अवमानना के दायरे में है। जिसके लिये उन्हें क्षमा नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, ऐसे अप्रिय विवादों से जनता में न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव का नकारात्मक संदेश जाता है। जिससे अनावश्यक संवैधानिक संकट की स्थिति भी बन सकती है। जनता में लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभों को लेकर अविश्वास का भाव पैदा नहीं होना देना चाहिए। दरअसल, ऐसे अनावश्यक विवादों से किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। बल्कि तल्ख बयानबाजी से बेकार की बहस बढ़ने की आशंका ही बलवती होती है। खासकर संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को तो ऐसी बयानबाजी से परहेज करना ही चाहिए। दरअसल, संविधान ने न्यायपालिका को कुछ ऐसे अधिकार दिए हैं कि जब पूर्ण न्याय के लिये कोई अन्य रास्ता नहीं बचता, तब वह विशिष्ट अनुच्छेदों से मिली शक्तियों का प्रयोग कर सकती है।

# अम्बेडकर की आर्थिक न्याय की अवधारणा



विपिन सागर
पूर्व प्रदेश सह मंत्री ABVP
क्षेत्रीय सह संयोजक
पुस्तकालय विभाग मेरठ प्रांत

2025 में जब भारत अपने आर्थिक परिदृश्य की जटिलताओं से जूझ रहा है, तो भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर का दृष्टिकोण आर्थिक न्याय प्राप्त करने के लिए एक प्रकाश स्तंभ बना हुआ है। जबकि सामाजिक न्याय और राजनीतिक समानता में अंबेडकर के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है, आर्थिक न्याय पर उनके विचार – जो संविधान में गहराई से समाहित हैं – अपेक्षाकृत अनदेखे रह गए हैं। यह लेख अंबेडकर के आर्थिक विचारों के अछूते आयामों पर गहराई से चर्चा करता है, जैसा कि संविधान में परिलक्षित होता है, और समकालीन भारत के लिए उनकी प्रासंगिकता।

डॉ. अंबेडकर आर्थिक न्याय को सामाजिक और राजनीतिक न्याय से अविभाज्य मानते थे। उनका मानना था कि आर्थिक असमानताओं को संबोधित किए बिना, संविधान में निहित स्वतंत्रता और समानता के वादे खोखले रहेंगे। अपने मौलिक कार्य, स्टेट्स एंड माइनॉरिटीज (1947) में, अंबेडकर ने ह्लराज्य समाजवादह्व का एक मॉडल प्रस्तावित किया, जिसमें संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख उद्योगों पर राज्य नियंत्रण की वकालत की गई। उन्होंने तर्क दिया, ह्लराज्य यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि किसी भी नागरिक को आजीविका के साधनों से वंचित न किया जाएह्व (अंबेडकर, 1947, पृष्ठ 408)।

इस दृष्टिकोण को संविधान में, विशेष रूप से राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों (उ्रढरढ२) में अभिव्यक्ति मिली। अनुच्छेद 38 और 39 अंबेडकर के आर्थिक दर्शन को समाहित करते हैं, जो राज्य से आय, स्थिति और अवसरों में असमानताओं को कम करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं कि भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण आम भलाई के लिए वितरित किया जाए। मौलिक अधिकारों के विपरीत, जो लागू करने योग्य हैं, उ्रढरढ गैर-न्यायसंगत हैं, जो अक्सर अंबेडकर के आर्थिक आदर्शों को कार्रवाई योग्य जनादेशों के बजाय आकांक्षात्मक लक्ष्यों तक सीमित कर देते हैं।



### सवैधानिक ढांचा

मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में अंबेडकर जी की भूमिका ने उन्हें संविधान में आर्थिक न्याय के उद्देश्य से सिद्धांतों को शामिल करने का अवसर दिया। अनुच्छेद 39(बी) और (सी) विशेष रूप से धन के संकेन्द्रण को रोकने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि आर्थिक प्रणाली वंचितों के शोषण का कारण न बने। ये प्रावधान अपने समय के लिए क्रांतिकारी थे, जो एक गहरे असमान समाज में अनियंत्रित पूंजीवाद के खतरों को संबोधित करने में अंबेडकर की दूरदर्शिता को दर्शाते हैं।

हालांकि, ग्रैनविले ऑस्टिन जैसे विद्वानों ने उल्लेख किया है कि अंबेडकर जी ने डीपीएसपी को भविष्य की सरकारों को मार्गदर्शन देने के लिए ह्लनिर्देश के साधनह्व के रूप में देखा (ऑस्टिन, 1966, पृष्ठ 75)। फिर भी, लगातार सरकारों ने अक्सर समान वितरण पर आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे अंबेडकर की दृष्टि को दरकिनार कर दिया गया है। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक की उदारीकरण नीतियों ने विकास को बढ़ावा देते हुए आय असमानताओं को बढ़ा दिया, जो अनुच्छेद 39 की भावना के विपरीत है।

### अज्ञात आयाम

अंबेडकर के आर्थिक विचारों के सबसे कम चर्चित पहलुओं में से एक भूमि सुधार और सहकारी खेती पर उनका जोर है। अपने लेखन में, उन्होंने तर्क दिया कि भूमिहीनता दलितों और हाशिए के समुदायों के लिए आर्थिक उत्पीड़न का प्राथमिक स्रोत थी। उन्होंने एक ऐसी प्रणाली की कल्पना की, जिसमें भूमिहीनों के लिए पहुँच सुनिश्चित करने के लिए भूमि का पुनर्वितरण किया जाएगा, साथ ही उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य समर्थित सहकारी कृषि भी होगी (अंबेडकर, 1947, पृष्ठ 420)। यह विचार, हालांकि अनुच्छेद 39 के समान संसाधन वितरण के आह्वान में परिलक्षित होता है, लेकिन बड़े पैमाने पर लागू नहीं हुआ है।

एक और अनदेखा पहलू है अंबेडकर का संवैधानिक दायित्व के रूप में पूर्ण रोजगार की वकालत करना। संविधान सभा की बहसों में, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक सुरक्षा - गारंटीकृत रोजगार के माध्यम से - सच्चे लोकतंत्र के लिए आवश्यक थी (संविधान सभा की बहस, खंड श्क्क्, 1948। जबकि संविधान का अनुच्छेद 41 राज्य से काम के अधिकार को सुरक्षित करने का आग्रह करता है, यह प्रावधान पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है, भले ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) जैसी योजनाएं आंशिक रूप से बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास करती हैं।

### समकालीन भारत में प्रासंगिकता

आर्थिक न्याय के बारे में अंबेडकर जी का दृष्टिकोण समावेशी विकास के लिए वैश्विक आंदोलनों के साथ मेल खाता है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), विशेष रूप से लक्ष्य 10 (असमानताओं में कमी), समान संसाधन वितरण पर उनके जोर को प्रतिध्वनित करते हैं। अंबेडकर के विचारों को लागू करने से भारत वैश्विक मंच पर आर्थिक न्याय प्राप्त करने में अग्रणी बन सकता है।

### चुनौतियाँ और आगे का रास्ता

अंबेडकर के सपने को साकार करने की प्राथमिक चुनौती राजनीतिक अर्थव्यवस्था में है। निहित स्वार्थ, नौकरशाही की जड़ता और कॉर्पोरेट नेतृत्व वाली वृद्धि को प्राथमिकता देने से डीपीएसपी की परिवर्तनकारी क्षमता कमजोर हो गई है। इसके अतिरिक्त, डीपीएसपी को लागू करने में न्यायपालिका की अनिच्छा, उनके गैर-न्यायसंगत स्वभाव का हवाला देते हुए, उनके प्रभाव को सीमित कर दिया है। कानूनी विद्वान उपेंद्र बक्सी का तर्क है कि न्यायपालिका को डीपीएसपी को मौलिक अधिकारों के अभिन्न अंग के रूप में व्याख्या करने के लिए अधिक सक्रिय रुख अपनाना चाहिए

अंबेडकर के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने के लिए, भारत को संरचनात्मक असमानताओं को संबोधित करने वाली नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। भूमि सुधार कानूनों को मजबूत करना, रोजगार गारंटी योजनाओं का विस्तार करना और प्रगतिशील कराधान शुरू करना इस दिशा में कदम हैं। नागरिक समाज और शिक्षाविदों को भी अंबेडकर के आर्थिक विचारों पर चर्चा को पुनर्जीवित करने में भूमिका निभानी चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह केवल सामाजिक न्याय तक ही सीमित न रहे।

संविधान में समाहित डॉ. बीआर अंबेडकर का आर्थिक न्याय का दृष्टिकोण भारत की असमानताओं को दूर करने के लिए एक शक्तिशाली लेकिन कम खोजी गई रूपरेखा है। जब देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, तो उनके विचार एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण के लिए एक रोडमैप पेश करते हैं। अनुच्छेद 38 और 39 की भावना को अपनाकर भारत अंबेडकर की विरासत का सम्मान कर सकता है और सभी के लिए आर्थिक न्याय के संविधान के वादे को पूरा कर सकता है।

## मुद्दा

# राहुल गांधी बोलते रह गए लेकिन खरगे ने कर दिखाया

कांग्रेस को मजबूत करने के अभियान में जुटे राहुल गांधी के लिए इस वर्ष बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कांग्रेसी कार्यकताओं और नेताओं को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद बीजेपी के एजेंट्स को पार्टी से बाहर निकालने का राग अलाप रहे हैं तो इसके साथ ही जनाधारविहीन नेताओं को किनारे लगाने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी का खासा जोर पार्टी में स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करना है और इसके लिए वह लगातार जिलाध्यक्ष के पद को ताकतवर बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन जिलाध्यक्ष वाले प्रयोग को लेकर लेखक ने जिस तरह की आशंका पहले जताई थी,वो अब सच साबित होती दिखाई दे रही है।

दरअसल, राहुल गांधी के सार्वजनिक तौर पर और बंद कमरों में भी बैठक के दौरान बार-बार और लगातार इस तरह की बात कहने के बावजूद कड़वी सच्चाई तो यही है कि अभी तक किसी भी बड़े नेता के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा सका है। राहुल गांधी द्वारा पिछले कुछ वर्षों के दौरान शुरू किए गए अभियानों की असफलता का जिक्र करते हुए अब कांग्रेसी नेता दबी जुबान में इस बार भी राहुल गांधी के विफल होने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। वर्ष 2022 में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर जिसे ह्यनवसंकल्प शिविरह्न का नाम दिया था जैसे



कई शिविरों और महत्वपूर्ण बैठकों में लिए गए संकल्पों की याद दिलाते हुए अब यह भी कहा जाने लगा है कि राहुल गांधी अपनी शानदार से शानदार योजना को भी जमीन पर नहीं उतार पाते। लेकिन ऐसा लग रहा है कि जो राहुल गांधी कर नहीं पा रहे हैं, उसकी शुरूआत 82 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मल्लिकार्जुन खरगे ने कर दी है।

बिहार की धरती पर जाकर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 अप्रैल को एक रैली को संबोधित किया। खरगे ने बिहार के बक्सर के दल सागर में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और राज्य की नीतीश कुमार-बीजेपी गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने बहुत ही आक्रामक अंदाज में एक सधे हुए नेता के तौर पर भाषण देते हुए लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की। लेकिन खरगे के इस उत्साह और प्रयास पर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने ही पानी फेर दिया। सभा में न केवल भीड़ कम थी बल्कि रैली के हिसाब से समुचित इंतजाम तक नहीं किए गए थे। बीजेपी और जेडीयू नेताओं ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की रैली में आई भीड़ को लेकर जमकर कटाक्ष किया।

वहीं नाराज खरगे ने अपनी रैली में उचित इंतजाम नहीं होने और वहां आई कम भीड़ को देखते हुए हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस को जिला नेतृत्व के खिलाफ तुरंत एक्शन लेने का फरमान सुना दिया।

खरगे के निर्देश पर पार्टी नेतृत्व ने बक्सर के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा बक्सर जिला अध्यक्ष के निलंबन को लेकर जारी पत्र में कहा गया है, 20 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दल सागर खेल मैदान में बक्सर में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## पर्सनालिटी

# पहली फिल्म फ्लॉप होने के बाद रच दिया इतिहास, महाभारत बनाकर घर-घर में फेमस हुए बीआर चोपड़ा

22 अप्रैल को बलदेव राज चोपड़ा का जन्म हुआ था। वह हिंदी सिनेमा की एक ऐसी शख्सियत रहे, जिन्होंने कई लोकप्रिय फिल्में बनाईं। बी आर चोपड़ा की विरासत आज भी हिंदी सिनेमा में चमक रही है। उनके द्वारा बनाई गई फिल्में और ऐतिहासिक धारावाहिक ह्यमहाभारतह्न आज भी दर्शकों के बीच जीवित है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर बी आर चोपड़ा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

» अनन्या मिश्रा

### जन्म और परिवार

पंजाब के लुधियाना में 22 अप्रैल 1914 को बी आर चोपड़ा का जन्म हुआ था। इन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया। बता दें कि सिनेमा की दुनिया में आने से पहले उन्होंने एक पत्रकार के रुप में अपने करियर की शुरूआत की थी। साल 1944 में उन्होंने ह्यसिने हेराल्डह्न पत्रिका में काम करना शुरू किया। इसके बाद साल 1947 में भारत पाकिस्तान के विभाजन के बाद बी आर चोपड़ा मुंबई आ गए।

### फिल्मी करियर

साल 1947 में वह मुंबई आ गए और उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा। साल 1948 में आई उनकी पहली फिल्म ह्यकरवटह्न भले ही कुछ खास कमाल नहीं कर पाई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

इसके बाद बी आर चोपड़ा ने फिल्म निर्देशक के रूप में चांदनी चौक, शोले, नया दौर और धूल का फूल जैसी फिल्मों का निर्माण किया। इसके साथ ही उन्होंने कई टीवी सीरियल का निर्माण किया। जिसमें बहादुर शाह जफर, महाभारत, कानून और विष्णु पुराण जैसे शो शामिल हैं।



### ऐतिहासिक धारावाहिक महाभारत

बी आर चोपड़ा द्वारा बनाया गया महाभारत भारतीय टेलीविजन का ऐतिहासिक धारावाहिक है। उन्होंने इसके हर किरदार को जीवंत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इस शो की शुरूआत में हरीश भिमानी की आवाज में ह्यमैं समय हूंह्न डायलॉग काफी ज्यादा लोकप्रिय हुआ था।

### पुरस्कार

बता दें कि बी आर चोपड़ा को उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। उनको फिल्म कानून के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा साल 1998 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और साल 2001 में पद्म भूषण से नवाजा गया था। वहीं साल 2004 में बी आर चोपड़ा को फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### मृत्यु

फिल्म निमार्ता बलदेव राज चोपड़ा का लंबी बीमारी के बाद 05 नवंबर 2008 को 94 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## आज का इतिहास

### 23 अप्रैलकी महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1990 - नामीबिया सं.रा. संघ का 160वां सदस्य बना।
1996 - चेचेन्या के अलगाववादी नेता दुदायेव का एक हवाई हमले में निधन।
1999 - उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना के लिए 50 वर्ष पूरे होने पर वांशिगटन में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ।
2002 - पेइचिंग में भारत तथा चीन के बीच सीमापार आतंकवाद पर वार्ता।
2003 - कुर्द और अरब विवादों को निपटाने के लिए आयोग गठित करने का निर्णय।
2007 - रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन।
2008 - क्षेत्रीय अनुसंधान और विश्लेषण केन्द्र, लखनऊ को केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने मान्यता दी। इंडियन फरमर्स फर्टिलाइजर (इफ्को) और मिस्र की सेन्ट्रल एग्रीकल्चर व कोआपरेटिव यूनियन (कांकू) ने सहकारिता के क्षेत्र में नई परियोजनाओं के लिए एक समझौता किया।
अमेरिकी कांग्रेस ने म्यांमार की लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सांग सूकी को शीर्ष नागरिक सम्मान अमेरिकी कांग्रेस स्वर्णपदक से सम्मानित करने की घोषणा की।

### 23 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

1954 - राजेन्द्र आर्लेकर - हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल हैं।



1893 - ज्ञानेन्द्रनाथ मुखर्जी - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों में से एक थे।
1858 - पंडिता रमाबाई - प्रख्यात भारतीय विदुषी महिला और समाज सुधारक।
1873 - विट्ठल रामजी शिंदे - महाराष्ट्र के प्रसिद्ध और बड़े समाज सुधारकों में से एक थे।
1889 - जी.पी. श्रीवास्तव - हिन्दी साहित्यकार थे।
1913 - धनंजय कीर - बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जीवनी लिखने वाले साहित्यकार थे।
1915 - जगन्नाथ कौशल - भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के राजनेता थे।
1935 - कक्कानादन - भारतीय लेखक, उपन्यासकार व कथाकार थे।
1927 - अन्नपूर्णा देवी - सुरबहार वाद्ययंत्र बजाने वाली एकमात्र महिला उस्ताद हैं।
1927 - विल्फ्रेड डिसूजा - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ, जो गोवा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।

### 23 अप्रैल को हुए निधन

1857 - बाबू कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम के सिपाही।
1926 - माधवराव सप्रे - राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक, प्रखर चिंतक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और सार्वजनिक कार्यों के लिये समर्पित कार्यकर्ता थे।



1973 - धीरेन्द्र वर्मा - हिन्दी और ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक।
1992 - सत्यजित राय निर्देशक, कहानीकार, साहित्यकार।
2013 - शमशाद बेगम - हिन्दी फि ल्मों की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका।
2020 - उषा गांगुली - प्रसिद्ध भारतीय रंगमंच की अभिनेत्री और निर्देशक थीं।

### 23 अप्रैल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

# जिलाधिकारी ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा,प्राथमिकता के साथ समय से परियोजनाओं को पूर्ण करने के दिए निर्देश

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायीं संस्थाओं से एक-एक करके कराए जाने वाले कार्यों के पूर्ण होने के समय सत्यापन निरीक्षण मानक सहित कराए गए कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी लेकर पूर्ण हो जाने वाले कार्यों के हैंडोवर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिया ।कहा की कार्यदायी संस्थाएं कार्य में प्राथमिकता से ध्यान दें जो समय निर्धारित है पूर्ण होने का उसमे तेजी लाकर कार्य को पूर्ण कराया जाए ।कहा कोई भी परियोजना लंबित न रहे।जिलाधिकारी ने जल निगम की पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा कर गर्मी के दृष्टिगत जन सामान्य को पानी की कोई दिक्कत न हो इसलिए समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिलाधिकरी ने जनपद अमरोहा में अतिथि गृह निर्माण , तहसील हसनपुर के अग्नि समन भवन के आवासीय अनावासीय भवन सैनिक कल्याण भवन नगर पालिका अमरोहा में जल निकासी के लिए नाले के निर्माण कार्य,तहसील सदर की अनावासीय भवन तहसील नौगांवा सादात के अनावासीय भवन



सहित अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा कर जल्द पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश दिया।कहा कि जो परियोजनाएं धन के अभाव में लंबित हैं कार्य पूर्ण नहीं हो पा रही हैं उसमें अनुस्मारक भेजकर धन की मांग किया जाए।कार्य मे मानकों का पूरा ध्यान रखा जाय कोई लापरवाही न हो गुणवत्ता से कोई खिलवाड़ न हो कार्यदायी संस्था यह विशेष ध्यान दें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएँ पूर्ण हो गई हैं को ऑनलाइन पोर्टल में अपडेट करें। 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा के पूर्व जिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण समिति और जिला गंगा समिति की भी समीक्षा किया और अभियान चला कर सूखे हुए पेड़ों के स्थान पर नए पेड़ लगाए जाने के निर्देश दिया कहा कि जो वृक्ष लगाए गए हैं सूख गए हैं उनका जगह पर नए वृक्ष लगाया जाए । बृक्षों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए समय-समय पर पानी अवश्य दिया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बृक्ष जीवित होने चाहिए अंतर विभागीय जांच कराई जाएगी ।

गंगा समिति की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने गंगा किनारे वाले ग्रामों

■ **निर्माण कार्यों में रखें गुणवत्ता का ध्यान न हो मानकों से समझौता : जिलाधिकारी**

में कूड़ा कचरा व वेस्ट ना डालें जाने के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाने के निर्देश पंचायती राज को दिए ।कहा कि आरआरसी केंद्र सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए।इन ग्रामो में कोई नाला गंगा में नहीं गिरना चाहिये ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कार्य दाई संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के 04 आरोपियों को आजीवन कारावास व 55-55 हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया दण्डित

» सब का सपना संवाददाता

**सम्भल।** दिनांक 01.09.2018 को पीड़ित देवकरन पुत्र गजराम निवासी खेतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना कि रात्रि में अभियुक्त पान सिंह, हुकुमसिंह, ठाकुरदास, वीरसिंह निवासीगण खेतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल द्वारा वादी के घर मे घुसकर, खाना बना रही वादी की मां के ऊपर तेल डाकर आग लगा देना तथा वादी द्वारा अपनी मां को बचाने पर अभियुक्तों द्वारा वादी के साथ गाली गलौज करने के सम्बन्ध में थाना बहजोई पर सुसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।जिसमे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 22.04.2025 को मु0अ0सं0 542/2018 धारा 302/323/452/504 भादवि थाना बहजोई जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त पान सिंह पुत्र झम्मन सिंह, 2. ठाकुरदास उर्फ वीरेन्द्र पुत्र वीर सिंह, 3. वीर सिंह पुत्र पातीराम, 4. हुकुम सिंह पुत्र जगराम निवासीगण ग्राम खेतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल, स्थित चन्दौसी द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व 55-55 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।सजा कराये जाने में राहुल दीक्षित डीजीसी तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 रोबिन सिंह, कोर्ट पैरोकार का0 अशोक कुमार का सराहनीय योगदान रहा ।

### 1500 बच्चों ने मिलकर विश्व मानचित्र के आकार में बनाई मानव श्रंखला



» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** एएम वर्ल्ड स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें विद्यालय के 42000 वर्ग मीटर में 1500 बच्चों ने मिलकर विश्व मानचित्र के आकार में मानव श्रंखला बनाई।जिसने पर्यावरण संरक्षण व वैश्विक एकता का संदेश दिया।विद्यालय प्रबंधक अनूप मंगल ने बुधवार की सुबह 8 बजे बच्चों को एकत्र किया।इसके बाद बच्चों के साथ श्रंखला बनाने में सहयोग दिया।जिसमें कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग अद्भुत मानव आकृति बनाई।इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह, रवि सैनी, शेखर वार्ष्णेय, रमेश गुप्ता, अमन गोयल आदि मौजूद रहे।एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।जिसमें स्कूली बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरुक करने के लिए हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण द्वारा पर्यावरण को साफ व प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर काजल, इशिता, रुपाली, शालू, दीक्षित, शिल्पा, दीपिका, ज्योति, दीया, पारुल, सोनाली, शालू, निशा, सिल्की, लक्षिता, नीरज, मंतशा, सोनल, सरिता आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# जिलाधिकारी ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय बसेड़ा तगा का निरीक्षण

**विद्यालय में अनियमितता की भरमार, खामियां मिलने पर प्रधानाचार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर लगाई फटकार**

**जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से बातचीत कर शीघ्र ही सभी अव्यवस्थाएं ठीक कराने का दिया बच्चों को आश्वसन**

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड अमरोहा के अंतर्गत बसेड़ा तगा में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने

साफ सफाई शौचालय पानी की उचित व्यवस्था बच्चों को खेलने रहने की उचित व्यवस्थओं, उचित प्रकाश अटल टिंकरिंग लैब मेश खेल सामग्री के प्रयोग किये जाने स्टोर रूम सहित अन्य बच्चों को दी जाने वाली बेसिक व्यवस्थाओं का एक एक करके निरीक्षण किया। जिसमें बड़ी संख्या में कमियां मिलने पर असन्तोष व्यक्त कर बताया की स्थिति ठीक नहीं है बहुत ही खराब है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानाचार्य द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है बड़ी लापरवाही की जा रही है। प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही के लिए केंद्र को पत्र लिखा जाएगा ।

जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर कड़ी फटकार लगाई। कहा की कोई भी सुविधा बच्चों को नहीं दी जा रही है। साफ सफाई ठीक से नहीं कि जा रही है, शौचालय भी गंदे हैं, मेश में कोई साफ सफाई नहीं है, प्रकाश की व्यवस्था ठीक नहीं है, अटल लैब संचालित नहीं है, खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं है। जिलाधिकारी ने पाया कि वाटर कूलर नहीं चल रहा है बच्चे हैंड पंप का पानी पी रहे हैं मेडिकल की भी सुविधा ठीक नहीं है दवाएं समय से व अच्छी नहीं दी जाती हैं बेसिक व्यवस्थाएं कोई भी ठीक नहीं है कहा इंफ्रास्ट्रक्कर सम्बन्धी सभी अव्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त करें कोई भी लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर अटल टिंकरिंग लैब का भी निरीक्षण किया जिसमें बच्चों के प्रयोगार्थ





उपकरण गत्तों में पैक मिले लैब संचालित न होने पर नाराजगी जताई कहा जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों का ठीक ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं कोई भी उपकरण प्रयोग नहीं किया जा रहा है जस के तस रखे हुए हैं प्रधानाचार्य पर नाराजगी व्यक्त कर सुधार किए जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के बॉयज और गर्ल विंग में पहुंचकर बच्चों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली खेलने पढ़ने लैब लंच डिनर पेरेंट्स से बात करने प्रकाश सहित अनेक कमियां जिलाधिकारी को गिनाई । जिस पर जिलाधिकारी ने जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने का आश्वासन बच्चों को दिया। जिलाधिकारी से मिलकर बच्चों में खुशी छा गयी । जिलाधिकारी ने इस अवसर पर खेल सामग्री स्टोर रूम स्टेशनरी स्टोर रूम का निरीक्षण किया जिसमें खेल सामग्री का उपयोग न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सहित संबंधित अधिकारी प्रधानाचार्य और विद्यालय का स्टाफ गण मौजूद रहे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव देश की जरुरत : डॉ उत्तम सिंह प्रजापति




» सब का सपना संवाददाता

**गजरौला/अमरोहा:** भारतीय जनता पार्टी पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वर्तमान सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक वर्तमान जिला प्रभारी सहारनपुर देवेंद्र कुमार शर्मा का हसनपुर जाते हुए मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ हसनपुर रोड गजरौला में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति के प्रतिष्ठान पर पार्टी पटका पहनाकर बुके देकर भव्य स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज देश को आवश्यकता है एक विधान एक संविधान एक चुनाव होना चाहिए इससे किसी हानी नहीं है बल्कि लाभ ही है एक चुनाव एक राष्ट्र को दृष्टिगत रखते हुए आज में मुख्य अतिथि के रूप में हसनपुर विधानसभा में कार्यक्रम में जा रहा हूँ

उत्तर प्रदेश के ऊजावांन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व देश के लोकप्रिय नेता प्रधान सेवक भारतीय जनों को अपना परिवार मानने वाले नरेंद्र दामोदरदास मोदी के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश नई क्रांति के साथ सशक्त और मजबूत हो रहा है इस अवसर पर महेश प्रधान पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति डॉ. राजीव कुमार शुक्ला महामंत्री अंकुर नागर डॉक्टर सुमेर चंद बालकिशन सुरेंद्र सिंह प्रिंस कुमार यादव डॉ.रवि सैनी पुनीत कुमार प्रजापति सुन्दर सैनी अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

### 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** के विद्युत विभाग की ओर से बुधवार को तहसील उपकेंद्र पर कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। एसडीओ अजय चौरसिया ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए पोल व तार लगाने का कार्य चल रहा है। बुधवार को तहसील उपकेंद्र पर कार्य के चलते बड़ा महादेव, गोपाल मोहल्ला, सेमर टोला, वाल्मीकि बस्ती, डेहरिया मोहल्ला, ब्रह्म बाजार, हाथी खाना, बारहसैनी मोहल्ला में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। उपभोक्ता सुबह 9 बजे से पहले पानी से संबंधित कार्य खत्म कर ले।

## मंदिर की भूमि पर भूमाफिया अवैध निर्माण करने का कर रहे हैं प्रयासः कौशल किशोर

**एस पी को राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष ने सौपा ज्ञापन**

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** के राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें आरोप है कि लक्ष्मणगंज स्थित बांके बिहारी मंदिर की भूमि पर कुछ भूमाफिया अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं।

बताया कि लक्ष्मणगंज मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र हैं। उनके द्वारा 21 दिसंबर 2024 को समाधान दिवस में लिखित रूप से शिकायत की गई थी। तहसील प्रशासन की जांच आख्या में उक्त भूमि मंदिर महादेव जी बिहारी जी के नाम अभिलेखों में दर्ज पाई गई। वर्तमान में प्राचीन क्षतिग्रस्त मंदिर की 14 बीघा भूमि पर अराजक तत्वों से हमसाज होकर भूमाफिया गिरोह द्वारा षड़यंत्र पूर्वक अवैध निर्माण करके प्लाटिंग करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। जबकि प्राचीन मंदिर में हिंदू समाज की आस्था है, भूमाफियों के मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा के प्रयास से हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। एसपी से मांग की है कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## ब्राह्मण शक्ति संघ ने एक ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को सौपा

ब्राह्मण समाज को अपमानित करने , व ब्राह्मण मनीष शर्मा पत्रकार पे जानलेवा हमले की कड़े शब्दों मैं की निंदा

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** मे मंगलवार को ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा एक ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंदौसी को दिया गया,जिसमें पत्रकार एस के सक्सेना द्वारा एक वीडियो मैं ब्राह्मण समाज को अपमानित करने , व ब्राह्मण मनीष शर्मा पत्रकार पे जानलेवा हमले की कड़े शब्दों मैं निंदा करते हुए अपराधियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई संगठन के अध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज



न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मैं विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल,सचिन शर्मा, मुकेश गौड़, सचिन मिश्रा,अविरल शर्मा,ऋतुपर्ण शर्मा,अमोल शर्मा,बृजेश शर्मा,निशांत शर्मा,पराग शर्मा ,प्रिंकेश शर्मा,डॉ.विवेक शर्मा,सुशील शर्मा,योगेश भारद्वाज,सौरभ शर्मा,प्रशांत वशिष्ठ,राहुल मिश्रा,पीयूष शर्मा,निखिलशर्मा,विनीत शर्मा आदि ब्राह्मण शक्ति संघ के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ दी तहरीर

» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी** के विकास कुमार मिश्रा एडवोकेट पुत्र राजीव कुमार मिश्रा निवासी गणेश कॉलोनी चंदौसी जिला सम्भल,ने नगर के बहुत से ब्राह्मणों के साथ मिलकर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ एक तहरीर चंदौसी कोतवाली में दी, जिसमें फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा हाल ही में दिनांक 18/04/2025 को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जिसका यूजर नेम [illegible]10 से सोच समझकर देश का माहौल खराब करने के उद्देश्य से ब्राह्मण समाज पर एक टिप्पणी की हैदिनांक 21/04/25 रात करीब 10:30 बजे प्रार्थी के इंस्टाग्राम पर उक्त पोस्ट दिखने लगी जब प्रार्थी ने अनुराग कश्यप की पोस्ट पढ़ी तो प्रार्थी की भावनाएं आहत हुई क्योंकि प्रार्थी भी ब्राह्मण समाज का एक अंग है, पोस्ट पिछले चार दिन से इंस्टाग्राम पर पड़ी हुई है। जिससे प्रार्थी व उसके समाज का अपमान हुआ है क्योंकि प्रार्थी भी ब्राह्मण समाज का ही हिस्सा है, डायरेक्टर अनुराग कश्यप की पोस्ट देखकर लगता है।धड़क 2 की स्क्रीनिंग और सेंसर बोर्ड व मोदी के नाम का उपयोग करते हुए ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी कर के सोशल मीडिया के माध्यम देश के प्रधानमंत्री के नाम का सहारा लेकर देश के दो जातियों में वैमनस्यता फैलाकर दंगे भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम पर टिप्पणी में लिखा है धड़क 2 की स्क्रीनिंग में सेंसर बोर्ड ने बोला, मोदी ने भारत में जाति व्यवस्था खत्म कर दी है। उसके आधार पे संतोष भी भारत में रिलीज नहीं हुई। अब ब्राह्मण को समस्या है फुले से। भैया, जब जाति व्यवस्था ही नहीं है तो काहे का ब्राह्मण। कौन हो आप. आप क्यों



समाधान कर रही हैं जब जाति व्यवस्था नहीं थी तो ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई क्यों थीं। हां तो आप का बह्मवाद अस्तित्व में ही नहीं है, क्यों कि मोदी जिनके हिसाब से भारत में जाति व्यवस्था नहीं है? या सब लोग मिलके सबको चूतिया बना रहे हो। भाई मिल के फैसला कर लो. भारत में जातिवाद है या नहीं। लोग चूतिया नहीं हैं.. आप ब्राह्मण लोग हो या फिर आप के बाप हैं जो ऊपर बैठे हैं। निर्णय लो.अनुराग कश्यप डायरेक्ट ने इसी इंस्टाग्राम पोस्ट की कॉमेंट में ब्राह्मणों के मुंह में मूतने को लेकर एक कमेंट किया है डायरेक्टर अनुराग कश्यप के इस कृत्य से प्रार्थी व प्रार्थी के समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची है प्रार्थी व प्रार्थी के समाज में आक्रोश व्याप्त है। उसका यह कृत्य न केवल प्रार्थी का अपमान है बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान है, बल्कि यह देश के सामाजिक सौहार्द और शांति को भंग करने का भी प्रयास प्रतीत होता है। इस प्रकार के कृत्य से दो समुदायों के बीच विद्वेष और तनाव उत्पन्न हो सकता है, जिससे देश का माहौल खराब हो सकता है।तहरीर में विकास कुमार मिश्रा एडवोकेट व ब्राह्मण समाज के लोगों ने गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए, अनुराग कश्यप के विरुद्ध उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के घृणित कृत्य करने का कोई भी साहस न कर सके और समाज में शांति एवं सद्भाव बना रहे।मौजूद रहे, गौरव शंखधार, लक्की शर्मा, सभासद निशांत शर्मा, विकास उपाध्याय, सभासद नवकांत शर्मा, करुणेश शर्मा, लक्की मिश्रा, योगेश शर्मा, अजय पाठक, गौरव, उज्वल, सौरव, विकास, दीपक, वीरेश, आदि लोग रहे

## सीओ ठाकुरद्वारा ने भोजपुर थाने में किया अभिलेखों का निरीक्षण



सब का सपना संवाददाता

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्रकुमार सिंह द्वारा थाना भोजपुर पर निरीक्षक,उपनिरीक्षकों का ओआर लिया गया।

जिसमें लंबित प्रार्थनापत्रों आईजीआरएस विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण यातायात कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत, संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर एस एस आई महेश पाल मलिक, उपनिरीक्षक बृजपाल सिंह,उप-निरीक्षक रामकुमार, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन,उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार, उपनिरीक्षक अजय दुबे आदि मौजूद रहे।

भाजपा का सम्मान अभियान तहत

# भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न बाबा साहेब की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** जनपद स्थित पंचायत भवन में आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीमराव रामजी अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह,पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया की मौजूदगी में सम्मान अभियान कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पंचायत भवन मुरादाबाद में आयोजित संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी भूपेंद्र सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े स्थान को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करने का अभूतपूर्व कार्य किया है। उनके महान सिद्धांतों पर चलते हुए आज भाजपा विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है डॉ अंबेडकर जी के द्वारा समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य सदैव वंदनीय रहेगा। संगोष्ठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया, सदस्य विधान परिषद डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश, जिला अध्यक्ष आकाश पाल सिंह, महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला सहित पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, कई जमीनें कराई गईं खाली



- चकमार्ग और खलिहान की जमीनें कब्जा मुक्त, ग्राम प्रधानों को सौंपी जिम्मेदारी

**गोंडा (मनकापुर)** । तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के दिशा-निर्देशन में राजस्व विभाग द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गई, जिसके परिणाम स्वरूप वर्षों से लंबित राजस्व एवं चकमार्ग संबंधी विवादों का स्थलीय सत्यापन कर नियमानुसार समाधान किया गया।

बताते चलें कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा पूर्व में ही सभी उपजिला-धिकारियों को स्पष्ट निर्देश निर्गत किए गए थे कि तहसील समाधान दिवस पर राजस्व एवं चकमार्ग से संबंधित समस्त प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन के उपरांत प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में प्रत्येक तहसील स्तर पर 10-10 राजस्व टीमों का गठन किया गया था, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार राजस्व टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित गाटा संख्या का सीमांकन, निशानदेही एवं कब्जा मुक्त कराकर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह कब्जा विगत 10 वर्षों से चला आ रहा था, इस समाधान दिवस पर प्रस्तुत प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में जनपदीय पुलिस दुवारा विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा थाना गलशहीद, थाना छछलेट, थाना बिलारी व थाना भगतपुर और थाना डिलारी पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत में पम्पलैट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई।

### नगर पंचायत में फागिंग समेत कीटनाशक दवाइयों का हुआ छिड़काव

सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** मंगलवार को नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में मौसम के मिजाज बदलते ही जुखाम,बुखार,खांसी के साथ साथ डेंगू,मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण करने के लिए भोजपुर कस्बे में एक विशेष अभियान चलाकर रोगों पर नियंत्रण अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत नगर पंचायत में साफ-सफाई के साथ साथ कीटनाशक दवाओं व फॉगिंग कराने का कार्य शुरू किया गया है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी और चेयरपर्सन के दिशा निर्देश में मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए कस्बे में फॉगिंग व कीटनाशक दवाओ का छिड़काव करवाया गया।कस्बे के सभी प्रमुख चौराहों के अतिरिक्त भोजपुर के वार्डो में भी फागिंग व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर जरीफ इदरीशी ने घरों में रखी हुई टँकी ,गड्ढों में पानी एकत्रित न होने दें। स्वच्छता,घरों में निकले कूड़े का सही से निस्तारण करें। गीले व सूखे कूड़े को अलग अलग डस्टबिन में डालें। फॉगिंग का कार्य शुरू कर भोजपुर के सभी वार्डों में फागिंग के काम को सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है।

### सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 23 अप्रैल को बरेली

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रतिभाग करने वाले खेलों की उत्तर प्रदेश टीमों का चयन 23 अप्रैल 2025 को सेपक टाकरा चयन, ट्रायल्स आयोजित साई सेन्टर बरेली में होगा। खेल के राज्य स्तरीय चयन,ट्रायल्स साई सेन्टर बरेली स्थल पर आयोजित होगा।

ट्रायल्स में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 अण्डर 18 को या उसके बाद हुआ हो। प्रदेशीय टीम में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के ठरफ्र पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना अनिवार्य है। उक्त जानकारी जितेन्द्र यादव क्षेत्रीय क्रीड़ाअधिकारी मुरादाबाद मंडल द्वारा बताया गया है कि इच्छुक खिलाड़ी दी गई तिथि पर अपने जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड सहित साई सेन्टर बरेली में दस बजे पहुंचे।

### जीवन में कोई भी लक्ष्य कड़ी मेहनत से हासिल किया जा सकता है: सुखविंदर सिंह सुक्खू

**शिमला (भाषा)** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में सोमवार को छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) द्वारा आयोजित ह्यव्यवस्था परिवर्तन एक संकल्प : आगाज नये युग का कार्यक्रम में यह टिप्पणी की।

## दहेज हत्या मामले में बांछित एक ओर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सब का सपना संवाददाता



**भोजपुर।** अमित कुमार पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम दयानाथपुर थाना छजलैट ने आरोपीगण द्वारा वादी की बहन से दहेज की मांग कर मारपीट व गाली गलौच करते हुये प्रताडित करना जिससे वादी की बहन की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त सोनू पुत्र दारा सिंह निवासी ग्राम बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना भोजपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त दारा सिँह पुत्र नत्थू सिँह निवासी ग्राम बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने दी डीएम को शुभकामनाएं

**मुरादाबाद।** दिव्यांग बच्चों हेतु स्थापित सुगम्य पुस्तकालय के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड मिलना मुरादाबाद के लिए गौरव का क्षण है। उक्त विचार आञ्जनेय कुमार सिंह मंडलायुक्त ने कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुज सिंह व टीम को दी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री पुरस्कार मिलने से अधिकारियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा मिलेगी। मंडलायुक्त कमिश्नर आञ्जनेय कुमार सिंह ने अनुज सिंह के कुशल नेतृत्व में किए गए अभिनव कार्य की बदौलत हम यह पुरस्कार हासिल कर पाए।

## बच्चों ने मॉडल बनाकर पृथ्वी दिवस पर प्रकृति को बचाने का लिया संकल्प

### एएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर मॉडल एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** जनपद के रामनगर मझरा स्थित ए.एम. पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने पृथ्वी के सुंदर एवं कलात्मक मॉडल प्रोजेक्ट बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने पृथ्वी पर निरंतर बढ़ते प्रदूषण,उसके कारण एवं रोकथाम हेतु बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि समय रहते पृथ्वी को सुरक्षित रखने के उपाय न किए गए तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अतः सभी को पृथ्वी को साफ सुथरा एवं प्रदूषण रहित रखें हेतु ज्यादा से ज्यादा पेड़ो को लगायें। इसके उपरांत प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य एंव पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,प्रीति चतुर्वेदी,सुखविंदर कौर,मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी,ईशा परवीन,कशिश,नीतू,इकरार अहमद,शगुफ्ता अंसारी,राशि, इंशा, एमन,बॉबी गौतम,वैष्णवी यादव,आफरीन,ईशा परवीन,शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। संचालन शगुन एवं ईशा परवीन ने संयुक्त रूप से किया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं और शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई , महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है। उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## परिवार परामर्श नारी उत्थान केंद्र के अथक प्रयासों से पति पत्नी के विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के दो विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केंद्र की अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम.पी. सिंह, श्रीमती रितू नारंग के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान दो प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

## संघठन की मजबूती को लेकर शिक्षकों ने किया बैठक का आयोजन

सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** बीआरसी केंद्र नेकपुर पर विकासखंड भगतपुर में शिक्षकों ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िलाध्यक्ष रोहित मिश्रा और जिला महामंत्री रविकांत सिंह ने टीकाराम को ब्लाक अध्यक्ष और दुर्गेश कुमार को मंत्री मनोनीत किया। उन्हें शिक्षकों के हितों के लिए कार्य करने के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करने का दायित्व सौंपा। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्ष और मंत्री को एक माह में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर जिला कार्यकारिणी को अवगत कराने को कहा इस अवसर पर छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि जिला कार्यकारिणी शिक्षकों की हर समस्या में साथ खड़ी हैं। बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल सिंह ने भी संगठन को मजबूत कर शिक्षक हित में कार्य करने की अपील की। नवनियुक्त ब्लॉकाध्यक्ष टीकाराम सिंह ने कहा कि शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम में रोहित चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष डिलारी के अलावा ,संसारी सिंह, विपेंद्र सिंह ने भी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पंकज दिवाकर मंत्री छजलैट ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिंह, पारूल जैन, प्रवीन कुमार,हरनाम सिंह, सिराजुद्दीन,विनय कुमार,दिलावर केम,आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एफडीआर तकनीक से सशक्त हो रहीं उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सड़कें

सब का सपना संवाददाता

- उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिए निदेर्श : अभियंता खुद साइट पर खड़े होकर कराएं निर्माण, गुणवत्ता और समयबद्धता प्राथमिकता में शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक एक वरदान साबित हो रही है। इस तकनीक से बनी सड़कें न केवल टिकाऊ हैं, बल्कि निर्माण लागत और समय की बचत भी कर रही हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इन सड़कों से गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़कों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़कों को इस प्रकार बनाया जाए कि वे 'ग्रामीण हाईवे' की तरह नजर आएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लगे नए ऊजार्वान इंजीनियरों और अनुभवी ठेकेदारों के बीच सामंजस्य बनाकर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर अभियंता साइट पर खड़े होकर अपने सामने काम कराएंगे, तो उसमें व्यक्तिगत लगाव और जवाबदेही दोनों जुड़ेंगे। इससे निर्माण की गुणवत्ता स्वतः बढ़ेगी।

### ग्रामीण भारत की रीढ़ बनेगी सड़कें

श्री मौर्य ने दोहराया कि ₹भारत गांवों में बसता है,₹ इसलिए ग्रामीण सड़कों पर विशेष फोकस जरूरी है। एफडीआर तकनीक के जरिए उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण की नई क्रांति देखने को मिल रही है। यह पहल न केवल परिवहन सुविधाओं को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगी।

### एफडीआर तकनीक क्या है?

एफडीआर तकनीक में सीमेंट और विशेष केमिकल मिलाकर एक मजबूत आधार परत (बेस लेयर) तैयार की जाती है। इसमें: बाहर से गिट्टी/पत्थर की जरूरत नहीं होती।

# विदेशी धरती पर बिखरेगी पर्यटन की चमक

### ट्रैवल मार्ट के जरिए वैश्विक मंच पर दिखेगा यूपी का सांस्कृतिक वैभव, दुबई से जापान तक, फ्रांस से रूस तक-यूपी पर्यटन विभाग करेगा राज्य की विरासत, हस्तशिल्प और धार्मिक स्थलों का भव्य प्रदर्शन

सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अब विश्व पटल पर राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रस्तुत करने की व्यापक तैयारी में है। विभाग विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से दुबई, थाईलैंड, फ्रांस, जापान, सिंगापुर, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्ट/एक्सपो में भाग लेगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विविध पर्यटन संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने साझा की। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय पहल की शुरूआत 28 अप्रैल से 1 मई तक दुबई में आयोजित होने वाले अरेबियन ट्रैवल मार्केट से होगी। मंत्री ने बताया कि यह पहल उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत स्थान दिलाने का माध्यम बनेगी। इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### वैश्विक मंच पर यूपी पर्यटन की उपस्थिति

पर्यटन विभाग प्रत्येक एक्सपो में विशेष थीम आधारित पंडाल और पवेलियन बनाएगा, जिसमें अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, विंध्याचल जैसे प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंट्स और निवेशकों को आमंत्रित करेगा, जिससे राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ावा मिले।

### हस्तशिल्प, खानपान और संस्कृति की अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति

इन ट्रैवल मार्टों में उत्तर प्रदेश की कारीगरी, पारंपरिक हस्तशिल्प, खानपान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी प्रमुख आकर्षण रहेंगी। राज्य के अल्पज्ञात पर्यटन स्थल जैसे-स्वामीनारायण मंदिर (गोंडा), रामकृष्ण मठ (लखनऊ), इस्कॉन मंदिर (वृंदावन), शुकतीर्थ (मुजफ्फरनगर), नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, जैत (मथुरा) आदि को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली भाजपा 5 मई तक प्रदेश भर में चलाएगी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

■ वक्फ बोर्ड का मतलब भ्रष्टाचार का अड्डा – विष्णु मित्तल



» सब का सपना संवाददाता

नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा द्वारा आज से पूरे प्रदेश में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की शुरूआत की गई जिसको लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी एवं प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल की उपस्थिति में एक बैठक की गई। बैठक में कार्यक्रम के संयोजक आतिफ रशीद, अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश प्रभारी कारी मोहम्मद हारून, अध्यक्ष अनीश अब्बासी के अलावा अनेकों जिला अध्यक्ष वा प्रदेश टीम के लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने मुस्लिम समाज को वक्फ संशोधन बिल से मिलने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 मई तक मंडल स्तर पर इस जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया है ताकि विपक्ष द्वारा दिल्ली के लोगों को वक्फ संशोधन बिल को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

अपने संबोधन में जमाल सिद्दीकी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसी भी हालत में वक्फ बोर्ड को कमजोर नहीं करना चाहती है बल्कि उसे लौह स्तंभ की तरह और मजबूत करना चाहती है जिसके लिए कुछ संशोधन किए गए है और जो देश के मुसलमानों को धैर्यपूर्ण समझने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से देश के अनेकों राज्यों में भाजपा सरकार वक्फ प्रॉपर्टियों को कब्जे से मुक्त करवाएगी और गरीब, पिछड़े मुस्लिमों को उनका हक दिलवाने का काम करेगी और इसी कारण इन प्रापर्टी चोरों पर नकेल कसने के लिए ही ये संशोधन बिल लाया गया है।

जमाल ने कहा कि आने वाले समय में भारत में मुसलमानों का विकास होने से कोई रोक नहीं सकता क्योंकि दुनिया में लोगों का भला करने के लिए अल्लाह अपना एक बंदा भेजता है और हमारे बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्लाह के उसी बंदे के रूप में कार्य कर रहे हैं। वही इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री विष्णु मित्तल ने कहा कि वक्फ बोर्ड का मतलब भ्रष्टाचार का अड्डा लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता के चलते और देश के मुसलमानो के अधिकारों की रक्षा करते हुए इस बिल को पास करवाया जिससे अब भ्रष्टाचारियों द्वारा कब्जाई जमीनें मुक्त हो सकेंगी और जरूरतमंदों के हितों में काम आ सकेंगी।

अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास का विस्तार हो रहा है जिसमें महिलाओं की सहभागिता को प्रमुख रूप से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा के हम मोदी जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने वक्फ बिल को संशोधित करके देश के मुसलमानों को उनका हक दिलाने का काम किया है।

# रेखा सरकार का हीट एक्शन 2025 लॉच




» सब का सपना संवाददाता

दिल्लीः दिल्ली में मुख्यमंत्री ने तीन कल रूप पायलट परियोजनाओं का उद्घाटन किया। दिल्ली में बढ़ते तापमान के प्रभावों का मुकाबला करने के उद्देश्य से इस योजना को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुरू किया, जिन्होंने शहर में तीन कूल रूफ पायलट परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

### दिल्ली को गर्मी के अनुकूल बनाना लक्ष्यः उट रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा मिशन दिल्ली को गर्मी के अनुकूल बनाना, लोगों की जान बचाना और हर मौसम को उसके निवासियों के लिए रहने योग्य बनाना है।

उन्होंने कहा कि सरकार हीटवेव के प्रभाव को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है, जो लगातार और तीव्र होती जा रही है।

दिल्ली में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। योजना के हिस्से के रूप में सरकार ने अस्पतालों को हीटस्ट्रोक रोगियों के लिए आईसीयू बेड और आवश्यक दवाओं से लैस समर्पित वार्ड बनाने के लिए कहा है।

### झुग्गी-झोपड़ियों के पास बनेंगे कूलिंग सेंटर

घनी आबादी वाले इलाकों में खासकर फुटपाथ और झुग्गी-झोपड़ियों के पास कूलिंग सेंटर भी बनाए जाएंगे। गुप्ता ने कहा कि अन्य पहलों में ग्रीन रूफ, बस स्टॉप पर छायादार क्षेत्र और हीटवेव के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार मेडिकल पोर्टल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए हीटवेव अलर्ट जारी करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल बच्चों के बीच नियमित रूप से पानी का सेवन सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिनचर्या का पालन करेंगे और झुग्गियों में ठंडे आश्रयों की व्यवस्था की जाएगी और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

### तीन रूफ पायलट परियोजनाओं का उद्घाटन

हुआ मुख्यमंत्री ने कश्मीरी गेट, आनंद विहार और दिल्ली सचिवालय में तीन कूल रूफ पायलट परियोजनाओं का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसी परियोजनाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह, पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री परवेश राणा और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## गेस्ट टीचर्स ने विधानसभा उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन





» सब का सपना संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सरकारी स्कूल के गेस्ट टीचर्स कई वर्षों से अपनी मांगें रख रहे हैं, जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। अब मुस्तफाबाद विधानसभा के कुछ गेस्ट टीचर्न ने इस मामले पर स्थानीय विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। गेस्ट टीचर गिरधर सिंह बिष्ट ने बताया कि 10-12 वर्षों से काम कर रहे हैं, लेकिन पिछले 8 वर्षों से सैलरी नहीं बढ़ी है। हमें छुट्टी भी कोई नहीं मिलती। राष्ट्रीय अवकाश की छुट्टी के भी पैसे कटते हैं, जितने दिन काम करते हैं, बस वही मिलता है। इसके अलावा ना तो दिवाली पर बोनस मिलता है और ना ही मेडिकल की कोई सुविधा है। हमें ग्रैच्युटी भी नहीं मिलती। इसी मसले पर रविवार को विधानसभा उपाध्यक्ष से मुलाकात की थी। उन्होंने हमारी मांगों पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री को लेटर भी लिख दिया है। उम्मीद है जल्द ही हमारी मांगें मान ली जाएंगी। ज्ञापन देने वालों में गिरधर सिंह बिष्ट, पुनीत कुमार भाटी, हरदीप तोमर, पंकज पाठक, विनोद कुमार, नरेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार और राजेश उपाध्याय अंकित खत्री इत्यादि शामिल रहे।

## सड़क हादसे में बच्चों सहित 9 लोग घायल 2 की मौत मौके पर पहुंची थाना बनिया ठेर पुलिस

» सब का सपना



चंदौसी /थाना बनियाठेर क्षेत्र के अंतर्गत चंदौसी मुरादाबाद नेशनल हाईवे रोड थाना बनियाठेर के समीप सूत्रों के मुताबिक तेज रफ्तार मुरादाबाद की ओर से आ रही ओमनी कार अचानक सोमवार सुबह 7:30 के करीब अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे खड़े बजर फुट से भरे ट्रक में पीछे से घुस गई जिसमें कार में बैठे बच्चों सहित 9 लोग घायल हो गए सूचना पर थाना बनियाठेर की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दो बच्चों अर्चित उम्र लगभग 3:30 वर्ष और आर्यन उम्र लगभग 4:30 वर्ष को मृत घोषित कर दिया जबकि 7 लोग घायल अवस्था में बताये जा रहे हैं हालांकि सभी लोग शादी समारोह गांव ताहरपुर बेहटा थाना सैफनी जनपद रामपुर के निवासी हैं जो की गांव पतरूआ थाना चंदौसी जनपद संभल से शादी समारोह के दौरान वापस लौटकर के घर जा रहे थे।

## तारों के जंजाल से सदर बाजार में हो सकता है बड़ा हादसा

### जल्दी फेडरेशन करेगी सभी विभागों से वार्ता

» सब का सपना संवाददाता



दिल्ली में बढ़ रही गर्मी के कारण आए दिन आग की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है इसको लेकर सदर बाजार के व्यापारियों में काफी दहशत है फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव सदर बाजार की विभिन्न मार्केट में तारों का जंजाल बना हुआ है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसके लिए लगातार व्यापारी बिजली विभाग, एमटीएनएल, एयरटेल सहित एजेंटीयों को लगातार सूचित कर रहे हैं मगर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही।इसको लेकर फेडरेशन सभी विभागों से जल्द ही वार्ता करेगी। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया सदर बाजार की मटके वाली गली, ग्रीन मार्केट, कुताब रोड, पान मंडी, तोलिया वाली गली सहित अनेक मार्केट में तारों के जंजाल से बुरा हाल है जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहते हैं और कई बार आग लगने की बड़ी घटनाएं भी हुई है जिसमें करोड़ों रुपए का व्यापारियों का नुकसान हुआ है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जल्दी कोई करे ना हुआ तो फेडरेशन इन के खिलाफ आंदोलन करेगी। साथी उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से भी निवेदन किया है वह कृपया इस और ध्यान देकर व्यापारियों की सुरक्षा का ख्याल करें।

## पीएंडजी शिक्षा के दो दशक : पी एंड जी शिक्षा ने ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का किया अनावरण और बच्चो में लर्निंग गैप को मिटाने के लिए

» सब का सपना संवाददाता

दिल्ली : पीएंडजी इंडिया का प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम 'पीएंडजी शिक्षा' इस वर्ष एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है और एक प्रमुख उपलब्धि का उत्सव मना रहा है - शिक्षा के माध्यम से बच्चो के जीवन में बदलाव के 20 वर्ष।

पिछले दो दशकों में, यह कार्यक्रम देश भर में वंचित समुदायों में शिक्षा की पहुंच और शिक्षा में सुधार लाकर 50 लाख से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक रुप से प्रभावित कर रहा हैं।

इस यात्रा को यादगार बनाने के लिए, पीएंडजी ने ह्व20 टेल्स ऑफ ट्रायम्फह्व नामक एक विशेष कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया है, जिसमें परिवर्तन और संभावनाओं की प्रेरक कहानियां शामिल हैं - यह इस बात की सशक्त याद दिलाती है कि कि जब हर बच्चे को उभरने का अवसर मिलता है, तो शिक्षा कैसे बदलाव ला सकती है। मौजूद कार्यक्रमों के साथ-साथ, पीएंडजी शिक्षा ने लर्निंग गैप्स पर बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने का भी कार्य किया है। इस वर्ष का अभियान। केवल 28 प्रतिशत बालिग ही लर्निंग गैप्स को पूरी तरह समझते हैं, इसलिए समय पर सहायता का अभाव रहता है। यह अभियान हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है, यह दिखाते हुए कि सही सहारा और माता-पिता, शिक्षकों और साथियों से मिले प्रोत्साहन से बच्चे इन चुनौतियों को पार कर सकते हैं।

जैसा कि बिकास की यात्रा दिखाती है, जब वह सफल होता है, तो पूरा समुदाय उत्सव मनाता है, यह दशार्ता है कि हर बच्चे की जीत, हम सभी की जीत है। दिल्ली में, दो दशकों से पीएंडजी शिक्षा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में मौजूद महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह कार्यक्रम 2005 में शुरू हुआ था, उस समय जब कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जुड़े कानून भी अस्तित्व में नहीं आए थे। जमीनी स्तर पर आवश्यकताओं का मूल्यांकन करते हुए, इस कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के बुनियादी ढांचे के निर्माण से हुई। सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ, यह कार्यक्रम एक 360-डिग्री समग्र पहल के रूप में विकसित हुआ, जो शैक्षिक ढांचे को सुदृढ़ करने, सीखने के परिणामों में सुधार लाने और वंचित समुदायों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करने पर केंद्रित है।

पीएंडजी शिक्षा अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस साल का अभियान परिवारों और समुदायों से लर्निंग गैप्स को जल्दी पहचानने और उन्हें दूर करने की अपील करता है, ताकि हर बच्चे को सफलता का उचित अवसर मिले ह्व

इस अवसर पर अभिनेत्री और लेखिका सोहा अली खान ने कहा, ह्वमैं कई वर्षों से पीएंडजी शिक्षा से जुड़ी रही हूं और यह देखकर बेहद गर्व होता है कि पिछले 20 वर्षों में इसने एजुकेशन पर इतना गहरा प्रभाव किया है।पीएंडजी शिक्षा शुरू से ही जटिल लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे लर्निंग गैप्स पर काम कर रहा है।

समर्थन का एक सरल इशारा - एक शिक्षक का आश्वासन या एक सहपाठी का प्रोत्साहन शिक्षा पर एकनिष्ठ रूप से केंद्रित रहकर 'शिक्षा' कार्यक्रम ने गहरा और स्थायी प्रभाव उत्पन्न किया है।

पिछले 20 वर्षों में, पीएंडजी शिक्षा ने देशभर में हजारों स्कूलों और समुदायों का समर्थन किया है, जिससे वंचित क्षेत्रों के 50 लाख से अधिक बच्चों पर लक्षित शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस प्रयास के अंतर्गत, बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए पीएंडजी शिक्षा रोकथाम और सुधार दोनों पर ध्यान केंद्रित करता है। सुधार के लिए, यह 'एजुकेशनल इनिशिएटिव्स' के साथ साझेदारी में 'माइंडस्पार्क' नामक एक कंप्यूटर-आधारित एआई समर्थित अनुकूली लर्निंग टूल का उपयोग करता है। कार्यक्रम 'प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन' के साथ साझेदारी में जमीनी स्तर पर सुधारात्मक शिक्षण हस्तक्षेपों को भी लागू करता है ।

# जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की प्रतिनिधि सभा में पारित प्रमुख प्रस्ताव

» सब का सपना संवाददाता

नई दिल्लीः :जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की प्रतिनिधि सभा ने जमाअत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित चार दिवसीय (12-15 अप्रैल, 2025) सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित की। सभा ने हाल के विधायी घटनाक्रमों, सांप्रदायिक तनावों, आर्थिक अन्याय और वैश्विक उत्पीड़न, विशेष रूप से फिलिस्तीन की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधि सभा में पारित प्रमुख प्रस्तावों का सार निम्न हैः

### वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 का निरस्तीकरण

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की कड़ी निंदा करते हुए इसे असंवैधानिक, अन्यायपूर्ण और पक्षपातपूर्ण करार देती है। यह कानून सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों को वक्फ विवादों पर निर्णय करने का अधिकार देता है - जिससे राज्य अपने ही मामले में न्यायाधीश है - और सदियों पुरानी धार्मिक संपत्तियों पर अतिक्रमण और बेदखली का रास्ता खुल जाता है, विशेष रूप से उन संपत्तियों पर जिसमें दस्तावेज की कमी है, लेकिन ऐतिहासिक रूप से मुस्लिम समुदाय द्वारा उपयोग की जाती रही हैं। यह अधिनियम हितधारकों की आपत्तियों की अनदेखी करता है, धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता को कमजोर करता है तथा संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन करता है।

जमाअत इस कानून को तत्काल निरस्त करने की मांग करती है और अवाम से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान का समर्थन करने का आग्रह करती है।यह लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक समाज और बुद्धिजीवियों से इसके निहितार्थों के बारे में जागृत करने की अपील करता है। प्रतिनिधि सभा उन सांसदों और संगठनों की सराहना करती है जिन्होंने अपना रुख अपनाया है तथा न्याय बहाल होने तक दबाव जारी रखने का आग्रह करती है।

### फिलिस्तीन में इजरायली आक्रमण की निंदा

प्रतिनिधि सभा ने गजा पर इजरायली हमले को इस अवधि के सबसे बुरे मानवीय अत्याचारों में से एक बताया, जिसमें 60,000 से अधिक नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हुए। प्रतिनिधि सभा के इस सम्मेलन में स्कूलों, अस्पतालों और शरणार्थी शिविरों के विनाश तथा सहायता कार्यकताओं और पत्रकारों की लक्षित हत्या की निंदा की गई तथा संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों और जिनेवा सम्मेलनों सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के इजरायल द्वारा जारी उल्लंघन बल दिया गया ।

जमाअत ने तत्काल युद्ध विराम, गजा में मानवीय गलियारे खोलने तथा फिलिस्तीनी संप्रभुता को मान्यता देने का आह्वान किया। इसने मांग की कि भारत अपने ऐतिहासिक फिलीस्तीन समर्थक रुख को कायम रखे, इजरायल को सभी प्रकार का समर्थन बंद करे तथा न्याय के लिए अपनी कूटनीतिक ताकत का प्रयोग करे।इसने इजरायली व्यवसायों के विरुद्ध बहिष्कार और प्रतिबंध लगाने का भी आग्रह किया, वैश्विक छात्र विरोध की प्रशंसा की, तथा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया कि उत्पीड़न कभी भी स्थायी नहीं होगा।

### न्यायपूर्ण वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का आह्वान

जमाअत ने संरक्षणवादी टैरिफ नीतियों के कारण बढ़ते वैश्विक व्यापार संकट पर चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा। इसमें कहा गया है कि ये कार्य पूंजीवादी लालच, विषाक्त राष्ट्रवाद और भौतिकवाद के खतरों को दशार्ते हैं तथा गरीब और विकासशील देशों पर असंगत रूप से बोझ डालते हैं। जमाअत ने भारत से व्यापार साझेदारी में विविधता लाने, अमेरिका पर निर्भरता कम करने तथा एसएमई, निर्यातकों और निम्न आय वर्ग को लक्षित राहत प्रदान करने का आग्रह किया। सरकार को इस वैश्विक संकट को एक आत्मनिर्भर और नैतिक अर्थव्यवस्था विकसित करने के अवसर के रूप में लेना चाहिए, विशेष रूप से उपेक्षित वर्गों के लिए ब्याज मुक्त वित्त को बढ़ावा देना चाहिए। जमाअत ने धन या शक्ति के बजाए न्याय और करुणा पर आधारित वैश्विक नेतृत्व का आह्वान किया।

# अतुल तिवारी हत्याकांड में अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

### सरेनी प्रकरण में राजनीतिक लाभ के लिए लोग लाशों पर कर रहे राजनीति : देवेश शुक्ला एडवोकेट

### निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों पर हो कार्रवाई, पीड़ित परिवार को बेवजह न किया जाए परेशान: विकास त्रिपाठी एडवोकेट

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अतुल तिवारी की हत्या के मामले में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की गुहार लगाई और माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरेनी में अतुल तिवारी हत्याकांड के मामले में पीड़ितों पर झूठा मुकदमा दर्ज करा कर दबाव बनाने का काम किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष जांच का शासन दिया है।

एडवोकेट देवेश शुक्ला ने कहा कि सरेनी हत्याकांड में जो हो रहा है वह शर्मनाक है। राजनीतिक लाभ के लिए लोग लाशों पर राजनीति कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने जवान बेटा खोया है पत्नी विधवा हो गई और बच्चे अनाथ हो गए हैं इसके बावजूद भी इस परिवार पर दबाव बनाकर मुकदमा दर्ज करा देना अन्य की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को समूची जनता के साथ समान



व्यवहार करना चाहिए लेकिन सरेनी में जातीय संघर्ष का बीज बोया गया है। तुच्छ राजनीति करने वालों की मनसा कभी सफल नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सड़क जमकर नारेबाजी की और लोक व्यवस्था को छिन्न भिन्न किया है उन पर सख्त कार्रवाई हो। अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने कहा कि सरेनी मामले में जिस तरह से राजनीति की गई है वह दुखत है। पीड़ित परिवार को नया दिलाने के बजाय उसे परिवार पर दबाव बनाने का कुत्सिक प्रयास किया गया है। श्री त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से मामले के निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को बेवजह परेशान ना किया जाए। एडवोकेट अजय मिश्रा ने कहा कि घंटे सड़क जाम करने वालों ने लोक व्यवस्था के साथ मजाक किया है आवागमन बाधित हुआ कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कटारे लगी रही यहां तक की एंबुलेंस तक को जाने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था। जिससे मरीज इलाज के लिए तड़पते रहे। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और कानून से खिलवाड़ करने वाले उन सभी लोगों पर संबंधित धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए जो सड़क जाम कर सामाजिक हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे थे। एडवोकेट नरेंद्र क्रांतिकारी ने कहा कि सरेनी की घटना दुखद है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा इस मामले में पत्रकार को नामजद किया जाना कानून के साथ भद्दा मजाक है। यदि ऐसे ही चला रहा तो मीडिया कर्मी आजादी के साथ खबरें नहीं दिखा पाएंगे।

मृतक अतुल तिवारी की मां ने कहा कि वह कोई राजनीति नहीं चाहती हैं उन्हें बस न्याय चाहिए। उन्होंने कहा कि उन पर और उनके उन रिश्तेदारों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है जो मौके पर भी नहीं थे। उन्होंने कहा किसी का निधन होना दुखद है लेकिन उसका जिम्मेदार ठहराकर हत्या का मुकदमा दिखाना दबाव बनाने का प्रयास है। इस मौके पर चंद्रशेखर शुक्ला ,शशिकांत शुक्ला सुभाष मिश्रा ,शुभम अवस्थी ,सी एल त्रिवेदी ,अजय मिश्र , हरिओम मिश्रा आनंद दीक्षित ,श्वेतांक श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डा. भीम राव आंबेडकर का सम्मान तभी होगा जब दलितों का सम्मान होगा : अजय राय

» सब का सपना संवाददाता



**अमेठी:** जामों थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे अल्प सिंह मजरे जोरावरपुर, कल्यानपुर गांव में सोमवार की देर शाम एक दलित युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी. मंगलवार को भीम आर्मी के नेता और कार्यकर्ता ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साथ खड़े होने की बात की.वहीं,क- ांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार के घर पहुंचे. उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं. कहा, बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर का सम्मान तभी होगा जब दलितों का सम्मान होगा.

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जहां पर भी दलितों के साथ अत्याचार और अन्याय हो रहा है हम लोग वहां पहुंच रहे हैं. हम उन लोगों के साथ खड़े हैं. अभी प्रयागराज में एक दलित के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया गया. आजमगढ़ में एक बेटी के साथ बलात्कार हुआ. यही नहीं रामपुर में भी दालित समाज की एक बेटी के साथ बलात्कार के बाद अमानवीकृत व्यवहार किया गया है उसे सिगरेट से दागा गया है. इसी प्रकार अमरोहा में भी एक छोटी बच्ची के साथ बलात्कार और अन्याय हुआ है. अमेठी में भी दलित युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई है.

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जगह-जगह पर बाबा साहेब का सम्मान कर रही है . लेकिन वास्तव में डा.भीमराव आंबेडकर का सम्मान तब होगा जब दलितों का सम्मान होगा. जब दलितों के घर में उजाले होंगे. बीजेपी सरकार में दलितों को सताने का काम हो रहा है.

हम सभी राहुल गांधी के सिपाही हैं. हम इन सभी दलितों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देंगे. न्याय दिलाएंगे. पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता दलित समाज के ऊपर होने वाले अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा है. हम भारतीय जनता पार्टी की तरह दिखावा नहीं करते हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### निजी विद्यालयों की मनमानी के विरुद्ध अवध केसरी सेना ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा ।** अवध केसरी सेना के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निजी विद्यालयों के मनमानी के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में केसरी सेना ने कहा है कि निजी विद्यालयों के प्रबंधतंत्र द्वारा प्रति वर्ष शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होते ही प्रवेश शुल्क व शिक्षा शुल्क में मनमाने तरीके से वृद्धि करने व ड्रेस व किताबों को आर्थिक लाभ के लिए अपने सुविधा के अनुसार दुकानों पर बिकवाया जाता है तथा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं पर व्यक्तिगत ट्यूशन के लिए दबाव बनाया जाता है जिसके परिणाम स्वरुप छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों को मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है ।जो निश्चित रूप से निंदनीय है ।अवध केसरी सेना के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि निजी विद्यालयों के प्रबंधन द्वारा किये जाने वाले मनमानी पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

### हीटवेव से राहत के लिए जिलाधिकारी की विशेष पहल




**गोंडा ।** भीषण गर्मी और हीटवेव के मद्देनजर ज़िलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए जनपद की समस्त नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में कूलिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह व्यवस्था अगले एक से दो दिनों में पूरी तरह लागू कर दी जाएगी।
जारी आदेश के अनुसार, सभी नगर निकायों में इन कूलिंग सेंटर्स की स्थापना तत्काल की जाएगी, जहां पर छायादार स्थान, पंखा अथवा कूलर, पीने के लिए स्वच्छ जल, ओआरएस पैकेट और आवश्यकता पड़ने पर फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर वाटर एटीएम, पानी के घड़े आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं ।प्रत्येक कूलिंग सेंटर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिसकी जानकारी स्पष्ट रूप से बैनर पर अंकित रहेगी। इसके अलावा, वाहनों के माध्यम से पीए सिस्टम का उपयोग कर लोगों को ₹क्या करें, क्या न करें₹ जैसे निर्देश देकर जागरूक किया जाएगा ।जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इस पहल का उद्देश्य है कि हीटवेव से आमजन को हर स्तर पर राहत मिल सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी तैयारियों की समयबद्धता से समीक्षा करते हुए कार्यो की जानकारी फोटोग्राफ के माध्यम से साझा की जाए।

### गौशालाओं में पेयजल, छाया और टीकाकरण की व्यवस्था

अपर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सभी गौ- आश्रय केंद्रों और गौशालाओं में मवेशियों के लिए पर्याप्त पेयजल, चारा और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, टीकाकरण और दवाओं की उपलब्धता भी जरूरी बताई गई है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा।** सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डेय चौरा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को इस अवसर पर भव्य रूप से सजाया गया था, जहां शिक्षक, अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके उपरांत बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीतों, कविताओं और नृत्य कार्यक्रमों ने समारोह को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितेश सिंह ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बधाई देते हुए कहा कि विद्या ही सच्ची पूंजी है, और यह विद्यालय न केवल विद्या देता है, बल्कि संस्कार और संस्कृति का भी पोषण करता है। उन्होंने माता-पिता से अनुरोध



किया कि वे अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा की ओर भी प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि ईश्वरशरण सिंह, जो इस कार्यक्रम के अध्यक्ष थे, ने विद्यालय के शिक्षण स्तर और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थान राष्ट्र निर्माण में नींव का कार्य करते हैं।

# पृथ्वी दिवस प्रकृति का पर्व : मेजर राजाराम

### बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को पृथ्वी दिवस के विषय में जागरूक किया

### कार्यक्रम में पृथ्वी को स्वच्छ एवम हरा भरा बनाने हेतु शपथ भी दिलाया गया

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा।** कन्हैया लाल इंटर कॉलेज करनैलगंज में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं 48वीं यूपी बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर के निर्देशन में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के नेतृत्व में एनसीसी, स्काउट कैडेटों एवं विद्यार्थियों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया।

बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को पृथ्वी दिवस के विषय में जागरूक किया। रैली रेलवे स्टेशन, सुक्खापुरवा, हुजूरपुर तिराहा होकर पुनः कालेज में पहुंची वहां पर भूगोल विभाग द्वारा भाषण एवम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेजर राजाराम ने बच्चों को पृथ्वी के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया।



उन्होंने बताया कि ब्रह्मांड में ज्ञात-अज्ञात अनेकों सौरमंडल एवं ग्रह है,लेकिन पृथ्वी पर ही जीवन है। यदि अन्य पिंडों की भांति पृथ्वी पर जीवन हेतु आवश्यक भौगोलिक दशाएं नहीं होती तो जीवन संभव नहीं हो पाता और पृथ्वी अन्य ग्रहों की तरह निर्जन तथा वीरान होती।

ऐसे में हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम सब पृथ्वी के सभी जंतुओं, वनस्पतियों सहित इसके समस्त संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करें।

कभी हिंसा न करें तथा अहिंसा परमो धर्मः का पालन करें। हमें आत्मवत सर्व भूतेषु की भावना से ओत प्रोत होना चाहिए। इसके पश्चात विद्यालय में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई, और वृक्षारोपण करके पृथ्वी को स्वच्छ एवम हरा भरा बनाने हेतु शपथ भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता एवं स्काउट प्रभारी अमित कुमार श्रीवास्तव तथा ईको क्लब के नोडल अधिकारी प्रताप नारायण पांडेय ने किया। अंत में व्याख्यान तथा पेंटिग प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजधारी सिंह, मनमोहन सिंह, सत्येंद्रमिश्र, राकेश सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र यादव आदि शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र छात्राओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# न्याय ना मिला तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराऊँगा विरोध दर्ज, करूंगा आमरण अनशन : रमेश सिंह

### दोषियों को मिले सजा, जिन निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है, उन्हें न्याय मिले : रमेश सिंह

» सब का सपना संवाददाता

**लालगंज/रायबरेली –** किसान नेता रमेश सिंह ने सीएम योगी को पत्र लिख कर कहा



है कि जनपद रायबरेली के सौहार्द, अमन और सामंजस्य को कलंकित करने वाली एक घटना की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराता हूँ, विगत दिनों एक अतुल तिवारी नाम के व्यक्ति की दुःखद घटना में मृत्यु हो जाती है, उसको आधार मानकर कुछ लोगों के द्वारा गन्दी राजनीति के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण को दूषित किया जाता है, प्रशासन पर निर्दोष लोगों को जेल भेजने की कोशिश की जाती है और दबाव में आकर उन्हें जेल भेजा जाता है एवं उनके घरों की महिलाओं और अबोध बच्चों को प्रताड़ित कराने के कार्य किये जाते हैं, जिससे आहत होकर एक राजेश उर्फ धुनारी प्रजापति के द्वारा आत्महत्या कर ली जाती है। बड़े दुःख के साथ आपको अवगत कराता हूँ कि आप जैसे सन्त के मुख्यमंत्री रहते एक पिता को अपने नाबालिग पुत्र को न्याय दिलाने के लिए आत्महत्या का सहारा लेना पड़े, इससे हम लज्जित हैं, हम जिस विधानसभा के निवासी हैं, वह विधानसभा रायबरेली की जनता में सबसे सौहार्द, पराक्रम और वीरता की पावन भूमि के रूप में पहचान रखती है, यहां राजनीति के माध्यम से समाज को कलंकित करने का काम कभी नहीं हुआ है, जब भी हुआ है देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने का मातृभूमि पर कुर्बान हो जाने का इतिहास सदा विधानसभा सरेनी का रहा है, इस विधानसभा में जिस घटना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करा रहा हूँ, इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच की मैं आपसे मांग करता हूँ, जिन लोगों के द्वारा इस घटना को अन्जाम देने में भूमिका का निर्वहन किया गया हो, उन्हें कानून के आधार पर सजा मिले और जिन निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है, उन्हें न्याय मिले और जिस पिता ने अपने पुत्र वियोग में आत्महत्या कर ली, ऐसे परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाये । हम अपने लोकप्रिय यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री जी से अपनी विधानसभा सरेनी के सौहार्द की भीख मांगता हूँ और आशा करता हूँ कि आप हमारी मांग पर विचार करेंगे, हमें न्याय देंगे, मुझे सरकार से कुछ नहीं चाहिए, समाज से वोट भी नहीं चाहिए, क्योंकि मुझे कोई चुनाव नहीं लड़ना, लेकिन अन्याय के खिलाफ लड़ना मेरी पहचान है ।

# थाना सरेनी क्षेत्रान्तर्गत हुयी घटना में पत्रकार के खिलाफ दर्ज FIR पर, पत्रकार साथियों में भारी आक्रोश

» सब का सपना



■ उप जिलाधिकारी लालगंज, रायबरेली को पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**लालगंज,रायबरेली।** जनपद रायबरेली के सरेनी थाने में दर्ज हुई एक एफआईआर में पत्रकार का भी नाम आरोपी के रूप में दर्ज कराया गया है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को बदनाम करने का काम किया गया है जिसके चलते पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। स्वतंत्र एवं स्वच्छ पत्रकारिता पर भी सवालिया निशान खड़ा करने का काम लोगों के द्वारा किया गया है। पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राममिलन शर्मा ने लालगंज उप जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर इसी तरह यदि पत्रकारों को मुकदमों में सामिल किया गया तो मीडिया क्षेत्र के लिए पत्रकारिता करना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। बताते चले कि सरेनी कस्बे में धुनारी प्रजापति उर्फ राजेश नाम के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है इसमें राजनीतिक दबाव के चलते उसकी पत्नी श्यामा देवी ने पत्रकार आदित्य मिश्रा के साथ-साथ अन्य कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी मौके पर मौजूद पत्रकारों को कभी भी पार्टी न बनाने का निर्देश दे रखा है लेकिन फिर भी पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा लिखकर लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने का काम किया जा रहा है जिसका पत्रकार जन कल्याण एसोसिएशन घोर निंदा करता है। ज्ञापन देने पहुंचे मीडिया के पत्रकारों ने सरेनी थाने में दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराकर पत्रकार आदित्य मिश्रा का नाम मुकदमे से हटाने की मांग की है। वहीं लालगंज उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा है कि मुकदमे की निष्पक्ष जांच होगी और किसी भी पक्ष के साथ अन्याय नहीं होगा।

इस अवसर पर मनीष प्रजापति, रवि शंकर, उमेश प्रजापति,जितेंद्र सविता, संजय सोनकर, पंकज साहू इत्यादि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# बैसवारा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर वाद- विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित

» सब का सपना संवाददाता

**लालगंज/ रायबरेली:** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जनपद के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग के तत्वाधान में *हमारी पृथ्वी संकट में है* विषयक एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी के पास मानव की आवश्यकता पूर्ति की क्षमता तो है किंतु उसके लोभ को पूर्ण करने की क्षमता नहीं ।महाविद्यालय के प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और अधिक से अधिक पौधारोपण करने की सलाह सभी छात्र-छात्राओं को दिया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि भाग लेने वाले प्रतियोगियों में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से बी .ए



. छठे सेमेस्टर की छात्रा प्रिया और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अनुप्रिया का रहा। द्वितीय स्थान पर बीए छठे सेमेस्टर के छात्र रुद्रांश दीक्षित, तृतीय स्थान बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र देवांश गुप्ता रहा । विकास साहू और अवनीश कुमार को सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की रूपरेखा भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने प्रस्तुत किया तथा डॉ यादव ने आगे बताया कि कि पृथ्वी दिवस 1970 से मनाया जा रहा है और संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी 2009 में इसे मान्यता दे दी है ताकि पृथ्वी पर मानव का कार्बन फुटप्रिंट कम किया जा सके तथा पृथ्वी पर होने वाले संकट को रोका जा सके । भूगोल भाग के सहायक आचार्य डॉ के के दीक्षित ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है जो हमारा जन्म देने वाली जननी माँ के सामान है। इसलिए हमें पृथ्वी के संसाधनों का अनुकूलतम अनुप्रयोग करना चाहिए। समाजशास्त्र के विभागध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें पृथ्वी को बचाने के लिए व्यक्तिगत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। अन्यथा हमें एक दिन पानी की बोतल की तरह सांस लेने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर भी लेकर चलना पड़ेगा। डॉ सत्येंद्र सिंह ने अपने भाषण में कहा की हमारी संस्कृति पर्यावरण अनुकूल है। अगर हम अपनी संस्कृति का अनुकरण करे तो पर्यावरण संरक्षण स्वयं ही हो जायेगा। इस मौके पर महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर निरंजन राय ,प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर कुंदन कुमार, डा अजय कुमार सिंहा, डॉ सूर्य प्रकाश मिश्रा , डा सत्यद्र सिंह, डा नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा संजीव कुमार मिश्रा, डॉ प्रवीण सिंह, डा सुरजन यादव, डा वीरेंद्र कुमार यादव, डा संदीप कनौजिया, डा नवीन कुमार सिंह, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा , डा मनोज कुमार त्रिपाठी,श्रीमती नीलम शुक्ला, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता , विज्ञान संकाय से इंदु त्रिपाठी, रिया गुप्ता, कांची बाजपेई, पूजा श्रीवास्तव, प्रखर राज श्रीवास्तव, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, विजय बहादुर सिंह , शिव शंकर वर्मा, विशाल आदि समस्त महाविद्यालय के सदस्य उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त समाचार

## आगे बढ़ने का जज्बा हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं - राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि परिस्थितियां चाहे जितनी भी विपरीत हों, अगर आगे बढ़ने का जज्बा हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा आठ उत्तीर्ण बच्चों का दाखिला कक्षा नौ में कराए जाने पर उन्हें स्कूल बैग और पठन-पाठन सामग्री वितरित करने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा, परिस्थितियां चाहे जितनी भी विपरीत हों, यदि मन में सीखने की ललक और आगे बढ़ने का जज्बा हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। राजभवन से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बच्चों को शिक्षित करने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं, यदि समाज भी इस दिशा में सक्रिय सहयोग करे, तो हम इस लक्ष्य को और भी शीघ्रता से प्राप्त कर सकते हैं। पटेल ने अपने संबोधन में सभी बच्चों को कक्षा नौ में प्रवेश पाने पर हार्दिक बधाई दी और उनके उवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत और उनके अध्यापकों के सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

## कांग्रेस को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' की जगह 'लुंगी' कर लेना चाहिए- हिमंत

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान केवल 'लुंगी' और 'धोती' का मुफ्त वितरण ही विकास का जरिया रहा। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' की जगह 'लुंगी' कर लेना चाहिए। धेमाजी में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि जब से उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला है, चार वर्षों में राज्य में शांतिइ और प्रगति आई है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के शासन में विकास लुंगी, धोती, सूता और अथुवा (मच्छरदानी) बांटने तक सीमित था। वे केवल यही समझते थे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अब माहौल बदल गया है और लोगों को 'ओरुनुदोई' जैसी योजनाओं के तहत सीधे उनके बैंक खातों में लाभ मिल रहा है, जो महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। शर्मा ने कहा, ''कांग्रेस को अपना चुनाव चिह्न 'हाथ' से बदलकर 'लुंगी' कर लेना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से चार वर्षों में राज्य में शांति और प्रगति आई है।

## नेशनल हेराल्ड केस- इसमें मनी लॉन्ड्रिंग कहां है? चिदंबरम ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर उठाए सवाल

**चेन्नई, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मामले में पार्टी के रुख का जोरदार बचाव करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाने के उद्देश्य से सत्ता का खुला दुरुपयोग बताया। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चिदंबरम ने विस्तृत वित्तीय और कानूनी तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग या वित्तीय अनियमितता का कोई सबूत नहीं है और ईडी के आरोपपत्र को मुख्य विपक्षी दल को बदनाम करने के लिए सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान द्वारा किया गया राजनीतिक रूप से प्रेरित हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और कौमी आज़ाद स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक हैं। इन प्रतीकों को संरक्षित और संजोना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। नेशनल हेराल्ड का स्वामित्व एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड के पास है, जो 1937-38 में पंजीकृत एक कंपनी है और एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है। एजेएल के पास भारत में छह अचल संपत्तियां हैं। अकेले लखनऊ की संपत्ति एक स्वतंत्र रूप से स्वामित्व वाली संपत्ति है। दिल्ली, पंचकूला, मुंबई, पटना और इंदौर की अन्य संपत्तियां सरकार द्वारा इस शर्त पर आवंटित लीजहोल्ड संपत्तियां हैं कि संपत्ति बेची नहीं जा सकती। एजेएल को भारी नुकसान होने की बात पर प्रकाश डालते हुए चिदंबरम ने कहा, एजेएल और नेशनल हेराल्ड कर, वैधानिक बकाया और वेतन-भत्ते का भुगतान नहीं कर सके। एजेएल पर बकाया देनदारी बहुत बड़ी थी। 2002 से 2011 के बीच कांग्रेस पार्टी ने हस्तक्षेप किया और चेक के माध्यम से छोटे-छोटे किस्तों में 90 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान किया। इस राशि का उपयोग वेतन-भत्ते सहित बकाया देनदारियों का भुगतान करने में किया गया।

# हरियाणा में छह महीने बाद भी विपक्ष का नेता नहीं चुन पाई कांग्रेस, सैनी सरकार को हो रहीं मुश्किलें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के पद के लिए कांग्रेस की ओर से छह महीने बाद भी कोई नाम तय नहीं हो सका है। इस देरी के कारण राज्य की नायब सिंह सैनी सरकार को कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में अड़चन का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि विभिन्न चयन समितियों में विपक्ष के नेता की उपस्थिति अनिवार्य होती है। इस स्थिति को देखते हुए सैनी सरकार अब कानूनी रास्ते तलाश रही है ताकि इस आवश्यकता को 'बायपास' किया जा सके।



रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा, हम इस मामले में महाधिवक्ता से कानूनी राय लेने जा रहे हैं ताकि यह देखा जा सके कि विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति के कारण रुकी नियुक्तियों को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह अपने विधायक दल के नेता का चयन करे, जो विपक्ष के नेता की भूमिका निभाएगा।

**कांग्रेस में गुटबाजी बनी बाधा:** हरियाणा कांग्रेस गुटबाजी से जूझ रही है, जिसके कारण विधायक दल के नेता के चयन में देरी हो रही है। इस निर्णय में अभी कम से कम कुछ और सप्ताह लग सकते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, रोहतक से कांग्रेस विधायक बी.बी. बत्रा ने दावा किया कि सरकार गलत तरीके से यह दावा कर रही है कि उनके हाथ नियुक्तियों के मामले में बंधे हैं। बत्रा ने कहा, कांग्रेस जल्द ही विपक्ष के नेता के नाम की घोषणा करेगी। केवल सीमित नियुक्तियों के लिए ही चयन समितियों में विपक्ष के नेता की जरूरत होती है। सरकार चाहे तो विपक्ष के किसी वरिष्ठ नेता को शामिल कर चयन समिति की बैठक बुला सकती है। बत्रा ने यह भी कहा कि सरकार के पास बिना विपक्ष के नेता के भी नियुक्तियां करने का अधिकार है, जैसा कि केंद्र में 2014 में हुआ था। उस समय कांग्रेस के पास लोकसभा में विपक्ष के नेता का दावा करने के लिए पर्याप्त सीटें नहीं थीं, फिर भी मल्लिकार्जुन खरगे को, जो कांग्रेस के लोकसभा में नेता थे, कई चयन समितियों में शामिल किया गया था। हरियाणा में बीजेपी ने 2024 के विधानसभा चुनाव में 90 में से 48 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई। नायब सिंह सैनी मार्च 2024 से मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने इस जीत को अपनी नेतृत्व क्षमता और ओबीसी समुदाय के समर्थन का परिणाम बताया। हालांकि, विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति के कारण सरकार को प्रशासनिक कार्यों में रुकावट का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा, कांग्रेस को यह तय करना है कि वे अपने विधायक दल के नेता के रूप में किसे नियुक्त करना चाहते हैं। लेकिन सरकार को अपनी नियुक्तियों के साथ आगे बढ़ना होगा। जो भी कानूनी रूप से संभव होगा, सरकार वह करेगी। हरियाणा में, मुख्यमंत्री और एक मंत्री के साथ-साथ विपक्ष का नेता मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्तों जैसे पदों पर नियुक्तियों के लिए चयन समितियों का हिस्सा होता है। वर्तमान में राज्य सूचना आयोग बमुश्किल तीन सदस्यों साथ काम कर रहा है, जबकि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लंबित अपीलों और शिकायतों की संख्या अब 7,200 से अधिक है।

## कैलाश मानसरोवर 2025 के लिए 5 साल का लंबा इंतजार खत्म

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कैलाश मानसरोवर का पांच साल का लंबा इतंजार अब खत्म होने वाला है। कोविड 19 के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष 30 जून से शुरू होगी। केएमवीएन की ओर से इस यात्रा का संचालन होगा। यह यात्रा उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के लिपुलेख पास मार्ग से संचालित होगी। यात्रा में 50-50 व्यक्तियों के कुल पांच दलों को शामिल किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार जुलाई से शुरू होगी।

सोमवार को दिल्ली में हुई विदेश मंत्रालय, कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन), सिक्किम टूरिज्म और चीन के अधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में निगम के अधिकारियों ने जून तक सभी तैयारियां पूरी करने की बात कही है।

बैठक में भारतीय सेना, आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।केएमवीएन के अधिकारियों के अनुसार, बैठक में चीन के अधिकारियों की ओर से यात्रा को जून के बजाए जुलाई से शुरू कराने पर सहमति जताई गई। इस बार यात्रा मार्ग पर यात्रियों के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम किए जाने हैं। निगम का फोकस यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने पर है। दिल्ली से आने वाले यात्रियों के लिए टनकपुर, धारचूला और नाभीढांग में ठहरने की विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग डाइट प्लान तैयार किया जाएगा।

विशेषज्ञों की मदद से ऐसा आहार तय किया जाएगा, जो यात्रा के दौरान ऊर्जा देने वाला और पचने में आसान होगा। वहीं यात्रा के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यात्रियों को परेशानी नहीं हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। केएमवीएन एमडी विनीत तोमर कहते हैं कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जुलाई से होगी। हर वर्ग के यात्रियों के अनुसार भोजन और रहन-सहन की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रियों के ठहरने के लिए केएमवीएन के अतिथि विश्राम गृह में इंतजाम होंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम अधिकारियों की टीम जून तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेगी। जिन स्थानों पर सुविधाएं दुरुस्त की जानी हैं, वहां तेजी से कार्य शुरू किया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा टेकजोन-4 को जाम से मिलेगी राहत, नॉलेज पार्क-5 तक बनेगी सड़क



**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-3 से नॉलेज पार्क-5 तक नई सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। 80 मीटर चौड़ी यह सड़क 130 मीटर चौड़ी सड़क से सीधे जुड़ेगी। अगले चार महीने में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इससे सेक्टर टेकजोन-4 में जाम से राहत मिल जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए सड़कों को चौड़ा करने के साथ ही अवरुद्ध पड़ी सड़कों को पूरा करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राधिकरण ने गौड़ चौक से सूरजपुर पुलिस लाइन जाने वाली 60 मीटर चौड़ी सड़क को 130 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़ने के लिए ऐस सिटी गोलचक्कर से खैरपुर गोलचक्कर तक 80 मीटर चौड़े और लगभग दो किलोमीटर लंबे मार्ग का नर्माण शुरू कराया है। 130 मीटर चौड़ी सड़क ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को सीधे जोड़ती है। इसे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सभी प्रमुख सड़कों से जोड़ने की योजना है, ताकि ट्रैफिक सुचारु रूप से चलता रहा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा। इससे आसपास के सेक्टरों और गांवों में जाने वाले लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच जाएंगे। वहीं, 130 मीटर सड़क पर जाने वाले वाहन बिना किसी रुकावट के सीधे पहुंच जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जाम से राहत के लिए 60 मीटर चौड़ी सड़क को 130 मीटर से जोड़ने के लिए ऐस सिटी गोलचक्कर से नए मार्ग का नर्माण किया जा रहा है।

# गाजियाबाद में हेड कॉन्स्टेबल की छीनी पावर, अब नहीं काट पाएंगे गाड़ियों के चालान

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल अब सड़कों पर गाड़ियों के चालान नहीं काट सकेंगे। नए पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के मकसद से यह फैसला लिया है। इसके अलावा सड़कों पर दुकान लगाने, ठेली या ई-रिक्शा खड़ा कर अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती बढ़ेगी। वहीं किसी भी आयोजन से पहले होटल और बैंक्वेट हॉल संचालक पुलिस को ईमेल पर सूचना देंगे।

पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने कमिश्नरेट में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के मकसद से सोमवार को अधीनस्थों के साथ बैठक की। गाजियाबाद पुलिस लाइन में एडिशनल सीपी कानून-व्यवस्था, एडीसीपी ट्रैफिक, एसीपी ट्रैफिक तथा सभी ट्रैफिक इंस्पेक्टरों और ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टरों के साथ हुई बैठक निर्णय लिया गया कि सरकारी मार्ग या सार्वजनिक स्थानों पर दुकान, ई-रिक्शा और ठेली-पटरी लगाकर अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। सभी ट्रैफिक इंस्पेक्टर अपने क्षेत्र में ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टरों के माध्यम से चालान की रिपोर्ट के साथ अतिक्रमण वाले स्थान की फोटोग्राफी कराएंगे।

ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल वाहनों के चालान काटने के लिए अधिकृत हैं। गाजियाबाद कमिश्नरेट में ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल अब तक चौराहों-तिराहों पर मोबाइलों में फोटो खींचकर वाहनों के चालान करते आ रहे थे। सोमवार को हुई बैठक में पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल द्वारा गाड़ियों के चालान काटने पर पूरी तरह से रोक लगा दी। कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल, होमगार्ड और पीआरडी के जवान ट्रैफिक इंस्पेक्टरों और सब-इंस्पेक्टरों की निगरानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुगम करेंगे। पुलिस कमिश्नर का मानना है कि हेड कॉन्स्टेबल के चालान काटने में व्यस्त होने के कारण वह यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। गाजियाबाद में तमाम होटल, बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस आदि संचालित



हैं। इन स्थानों पर शादी-समारोह, भंडारे, पार्टी या अन्य आयोजन होते हैं। इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए लोग अपने वाहनों से आते हैं तो होटल, बैंक्वेट हॉल आदि के बाहर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। पुलिस कमिश्नर ने सोमवार को निर्देश दिया कि जिले में किसी भी बड़े आयोजन से पहले होटल और बैंक्वेट हॉल के संचालकों को पुलिस को ईमेल पर सूचना देनी होगी। इसमें कहा गया कि किसी होटल या बैंक्वेट हॉल में आयोजित बड़े कार्यक्रम, जिसमें यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो तो संबंधित संस्थान के प्रबंधक या संचालक द्वारा पुलिस को पूर्व सूचना देनी होगी। आयोजन से पहले एडीसीपी ट्रैफिक की आधिकारिक ईमेल आईडी पर जानकारी देनी होगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस और होटल संचालकों के साथ बैठक की जाएगी।

# रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने को पूरी ताकत लगाएंगे डोनाल्ड ट्रंप

**लंदन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम करवाने के लिए अमेरिका पूरी ताकत लगा रहा है। बुधवार को लंदन में अमेरिका यूरोपी और यूक्रेन के अधिकारियों के साथ बात करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और केथ केलोग फ्रांस, जर्मनी, यूके और यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ बातचीत करेंगे। सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था, जैसा कि हमने पहले भी बिना शर्त सीजफायर पर सहमति जताई थी, एक बार फिर हम शांति की ओर आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। यूके के प्रधानमंत्री केर स्टार्मर से फोन पर बात करने के बाद उन्होंने कहा था कि शांति के लिए पहला कदम बिना शर्त सीजफायर ही हो सकता है। हालांकि इस ईस्टर पर रूस ने जो कुछ किया है उससे लगता है कि वह युद्ध को लंबा खींचना चाहता है। पिछले सप्ताह पैरिस में भी अमेरिका ने संभावित सीजफायर डील को लेकर प्रस्ताव पेश किया था। अमेरिका ने रूस को यह भी ऑफर दिया था कि क्रीमिया पर उसके अधिकार को मान्यता दी जाएगी। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहमत नहीं हुए। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि इस डील में यूक्रेन के नाटो में शामिल होने पर रोक और कीव की सुरक्षा का वादा भी शामिल हो सकता है।

बता दें कि रूस ने 2014 में व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद उन्होंने अपने एक्शन को जस्टिफाइ करने के लिए जनमत संग्रह करवाया।

# आव्रजन एजेंट रिकर्स द्वीप जेल में नहीं कर सकेंगे काम, न्यायाधीश ने न्यूयॉर्क के मेयर के आदेश पर लगाई रोक



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संघीय आव्रजन एजेंट अब रिकर्स द्वीप जेल परिसर से काम नहीं कर सकेंगे। न्यूयॉर्क के संघीय न्यायाधीश ने मेयर एरिक एडम्स की ओर से आव्रजन एजेंटों को दी गई अनुमति पर अस्थायी रोक लगा दी है। एरिक एडम्स के आदेश के खिलाफ दायर मुकदमे पर 25 अप्रैल को सुनवाई होनी है। इससे पहले लिखित आदेश में न्यायाधीश मैरी रोसाडो ने मेयर को संघीय सरकार के साथ किसी भी समझौता ज्ञापन पर बातचीत, हस्ताक्षर या कार्यान्वयन की दिशा में कोई भी कदम उठाने से रोक दिया।

न्यूयॉर्क मेयर एरिक एडम्स ने अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और अन्य संघीय एजेंसियों को जेल परिसर में कार्यालय बनाए रखने की अनुमति दी थी। इसके खिलाफ न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल ने न्यायालय में मुकदमा दायर करके कार्यकारी आदेश को रोकने की मांग की है। मुकदमे में डेमोक्रेट एडम्स पर न्याय विभाग द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों को वापस लेने के बदले में ट्रंप प्रशासन के साथ भ्रष्ट सौदेबाजी में प्रवेश करने का आरोप लगाया गया है। इस मुकदमे की सुनवाई 25 अप्रैल को होनी है।

मुकदमे में कहा गया है कि जेल परिसर में आव्रजन एजेंटों और अन्य संघीय एजेंसियों की मौजूदगी उन्हें गिरोह और नशीली दवाओं से संबंधित जांच में सहायता करने की अनुमति देगी, लेकिन नागरिक आव्रजन प्रवर्तन में उनकी कोई भूमिका नहीं होगी। वहीं एडम्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई से पहले शहर ट्रंप प्रशासन के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। एडम्स ने पहले घोषणा की थी कि वह अपने पहले डिप्टी मेयर रैंडी मैस्ट्रो को रिकर्स द्वीप पर आव्रजन एजेंटों की वापसी पर सभी निर्णय लेने के लिए नियुक्त करेंगे ताकि किसी संघर्ष की स्थिति न बने। वहीं मैस्ट्रो ने पिछले सप्ताह कहा था कि योजना पर संघीय सरकार के साथ चर्चा जारी है।

# निधन के बाद पहली फोटो: ताबूत में पोप फ्रांसिस की तस्वीरों ने दुनिया की आंखें की नम

**रोम , एजेंसी।** पूरी दुनिया में शांति, करुणा और आपसी समझ का प्रतीक रहे पोप फ्रांसिस के निधन के बाद, वेटिकन ने मंगलवार को उनकी पहली आधिकारिक तस्वीर सार्वजनिक की। यह तस्वीर उस पवित्र क्षण की है जब वेटिकन के शीर्ष अधिकारी 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' उनकी पार्थिव देह के सामने प्रार्थना में लीन थे।ताबूत के सिरहाने पोप की पवित्र माइटर (पादरी टोपी) को श्रद्धापूर्वक रखा गया है, जो उनके आध्यात्मिक नेतृत्व का प्रतीक है। यह दृश्य डोमुस सेंटा मार्टा होटल के चैपल का है वहीं स्थान जहाँ पोप फ्रांसिस अपने लंबे कार्यकाल के दौरान निवास करते थे।

इस भावुक तस्वीर में, पोप फ्रांसिस की पार्थिव देह को एक लकड़ी के ताबूत में शांत मुद्रा में रखा गया है। ताबूत को गहरे लाल रंग के पारंपरिक वस्त्र से ढका गया है यह रंग कैथोलिक चर्च में बलिदान और प्रेम का प्रतीक माना जाता है।

यह होटल वेटिकन परिसर में स्थित है और यहीं पर उनका अंतिम समय भी बीता। वेटिकन ने पुष्टि की कि यह तस्वीर निधन की आधिकारिक पुष्टि की रस्म के



दौरान ली गई थी। पोप फ्रांसिस न केवल कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु थे, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने गाजा जैसे युद्धग्रस्त क्षेत्रों के छोटे ईसाई समुदायों से भी नियमित संवाद किया। उनका निधन न केवल एक धार्मिक क्षति, बल्कि मानवता की एक बड़ी हानि के रूप में देखा जा रहा है। उच्चस्तरीय पादरियों ने फैसला किया है कि सेंट पीटर्स बेसेलिका में पोप फ्रांसिस की पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए बुधवार सुबह रखा जाएगा। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को वेटिकन होटल से लाया गया जहां वह रहते थे। धार्मिक अनुष्ठानों के संचालक, आर्कबिशप डिएगो रवेली ने कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स के आदेश के तहत पोप की अंतिम यात्रा के लिए निर्देश जारी किए। कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स ने फ्रांसिस के निधन के बाद पहला निर्णय लेने के लिए मंगलवार को बैठक की। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए शनिवार सुबह 10 बजे का समय तय किया गया है।

**गाजा ईसाइयों के लिए 'पिता' थे पोप फ्रांसिस, जंग दौरान हर शाम करते रहे इक खास काम:** अपने जीवन के अंतिम 18 महीनों में पोप फ्रांसिस ने एक विशेष दिनचर्या बना ली थी, जिसके तहत वह शाम में गाजा पट्टी के एकमात्र कैथलिक चर्च में फोन करके वहां ठहरे लोगों का हालचाल जानते थे। पोप के इस करुणामय व्यवहार ने गाजा के छोटे ईसाई समुदाय पर गहरा प्रभाव छोड़ा और यही वजह रही कि सोमवार को उनके निधन के बाद उन्हें वहां एक पिता-तुल्य शख्सियत के रूप में याद किया गया।

## फ्लाइट में महिला कर्मचारी से की भारतीय यात्री ने अभद्रता, आरोपी गिरफ्तार

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर जाने वाले विमान की केबिन क्रू (चालक दल) सदस्य की मर्यादा भंग करने के आरोप में मंगलवार को 20 वर्षीय भारतीय नागरिक पर मामला दर्ज किया जाएगा। उड़ान के दौरान 28 वर्षीय महिला केबिन क्रू सदस्य की कथित तौर पर मर्यादा भंग किए जाने की घटना के बाद 28 फरवरी को दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। सोमवार को जारी एक पुलिस बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला केबिन क्रू सदस्य एक महिला यात्री को शौचालय की ओर ले जा रही थीं, तभी उन्होंने जमीन पर टिश्यू पेपर का एक टुकड़ा देखा। जब वह उसे उठाने के लिए झुकीं, तभी 20 वर्षीय आरोपी उनके पीछे आया और उन्हें पकड़कर जबरन शौचालय में घुस गया। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, महिला यात्री जो उस वक्त वहां मौजूद थीं, उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर महिला क्रू सदस्य को विमान के शौचालय से बाहर निकाला। घटना की सूचना केबिन सुपरवाइजर को दी गई और विमान के सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर उतरते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संबंधित एयरलाइन का नाम उजागर नहीं किया है। आरोपी पर 'मर्यादा भंग करने के इरादे से बल प्रयोग' की धारा के तहत आरोप दर्ज किए जाएंगे। हवाई अड्डा पुलिस विभाग की कमांडर, सहायक आयुक्त एम. मालती ने कहा, हम ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हैं क्योंकि केबिन क्रू प्रशिक्षित पेशेवर होते हैं।

# रिश्ते को लेकर सीरियस थे सलमान-ऐश्वर्या

**बॉलीवुड का** सबसे फेमस एक्स लविंग कपल सलमान खान और ऐश्वर्या राय कभी भी एक ना हो सके. हालांकि दोनों ही अपने रिलेशनशिप को लेकर बेहद सीरियस थे. सलमान-ऐश स्टारर फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' आज भी उनके फैंस को पसंद है. इस फिल्म में पूर्व कपल की लविंग केमिस्ट्री बेहद खूबसूरत नजर आई है. यही देखकर इनके फैंस के मन में बार-बार यही सवाल आता रहता है कि आखिर ऐसी कौन सी वजह थी, जो इनकी शादी नहीं हो सकी. इस पर मशहूर लेखक हनीफ जावरी ने बताया है कि आखिर क्यों एक नहीं हो सके सलमान-ऐश्वर्या.

बॉलीवुड का सबसे फेमस एक्स लविंग कपल सलमान खान और ऐश्वर्या राय कभी भी एक ना हो सके. हालांकि दोनों ही अपने रिलेशनशिप को लेकर बेहद सीरियस थे. सलमान-ऐश स्टारर फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' आज भी उनके फैंस को पसंद है. इस फिल्म में पूर्व कपल की लविंग केमिस्ट्री बेहद खूबसूरत नजर आई है. यही देखकर इनके फैंस के मन में बार-बार यही सवाल आता रहता है कि आखिर ऐसी कौन सी वजह थी, जो इनकी शादी नहीं हो सकी. इस पर मशहूर लेखक हनीफ जावरी ने बताया है कि आखिर क्यों एक नहीं हो सके सलमान-ऐश्वर्या.



# रणवीर सिंह की रोमा बन सकती हैं कृति सेनन!



**रणवीर सिंह** की 'डॉन 3' को लेकर बड़ा अपडेट है. पहले इस फिल्म में कियारा आडवाणी थीं.लेकिन एक्ट्रेस ने जैसे ही प्रेग्नेंसी का ऐलान किया तो फिर, उनकी जगह शरवरी के कास्ट करने की खबरें आने लगीं.लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में उस एक्ट्रेस की एंट्री हो रही है जो नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है.

ये हसीना कोई और नहीं कृति सेनन हैं. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक रणवीर सिंह के साथ इस फिल्म में लीड रोल में कृति होंगी. खबर तो ये भी है कि एक्ट्रेस आन वाले कुछ दिनों में फिल्म को साइन कर देंगी. सूत्रों की मानें तो फरहान अख्तर की क्रिएटिव टीम और एक्सेल एंटरटेनमेंट एक एक्सपीरियंस एक्ट्रेस को मूवी के लिए कास्ट करना चाहती है. ऐसे में रोमा के रोल के लिए कृति एकदम परफेक्ट हैं.



# 4 दिन में बस इतने ही कमा पाई केसरी चैप्टर 2

**18 अप्रैल** को अक्षय कुमार अपनी फिल्म केसरी चैप्टर 2 लेकर बॉक्स ऑफिस पर आए. इस बार जब उन्होंने अपनी फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया तो कुछ लोगों की आंखें नम हुईं तो कुछ ने खड़े होकर इसे अक्षय कुमार के करियर की अब तक की बेस्ट फिल्म तक कह डाला. इतनी तारीफ और इमोशन्स के बाद भी केसरी चैप्टर 2 कमाई के मामले में कुछ खास कमाल करके नहीं दिखा पा रही है. ये फिल्म सनी देओल की खअअळ को भी टक्कर देने में कामयाब नहीं हो पा रही है. इसी बीच फिल्म के चौथे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं.

सनी देओल जब अपनी फिल्म ह्यजाटह्न लेकर आए तो सभी को लगा कि ये फिल्म जरूर कोई बड़ा धमाका करेगी. हालांकि फिल्म की कमाई ने पहले दिन इस बात की ओर इशारा कर दिया था कि ये कोई बड़ा आंकड़ा तो नहीं छू पाएगी. लेकिन इस बात का अंदाजा तो किसी ने नहीं लगाया होगा कि कमाई के मामले में निराश करने वाली JAAT अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 पर भारी पड़ जाएगी. चौथे दिन के मामले में सनी देओल की फिल्म अक्षय कुमार की फिल्म से काफी है. सैकनिल्क की ताजा रिपोर्ट की मानें तो केसरी चैप्टर 2 ने रिलीज के चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर 4.50* करोड़ का कलेक्शन किया है. इस फिल्म का अब तक का टोटल कलेक्शन 34 करोड़ हो गया है, जो क्रिटिक्स और दर्शकों से मिल रहे बेहतरीन रिस्पॉन्स के हिसाब से काफी कम माना जा रहा है. वहीं सनी देओल की जाट ने रिलीज के चौथे दिन 14 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया था. देखा जाए तो केसरी चैप्टर 2 से करीब 10 गुना ज्यादा जाट की कमाई थी.



## खेल

### न्यूज ब्रीफ

## केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ है: मेंटोर ब्रावो

**कोलकाता(एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने



इस सत्र में आठ आईपीएल मैचों में फ्रेंचाइजी की पांचवीं हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी है लेकिन उन्होंने टीम की इस स्थिति के लिए ईडन गार्डन्स की बहुचर्चित पिच को दोष देने से इनकार कर दिया। केकेआर को सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के हाथों 39 रन से हार का सामना करना पड़ा। ब्रावो ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में बताते हुए कहा, आईपीएल एक कड़ा टूर्नामेंट है और जब आप अच्छी शुरूआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है।

## पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

**लीमा (पेरू) (एजेंसी)** भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही। सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं।

# भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा: मध्यक्रम में दो स्थान के लिए 6 दावेदार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय चयन समिति मई के दूसरे सप्ताह में इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए भारत और भारत ए टीम की घोषणा कर सकती है और ऐसे में उन्हें मध्यक्रम के दो स्थानों के लिए कम से कम छह दावेदारों के नाम पर विचार करना होगा।

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 17 सदस्यीय टीम भेजी थी लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच के लिए अंतिम टीम 15 या 16 खिलाड़ियों की हो सकती है। इस दौरे के समय भारत की ए टीम भी इंग्लैंड में रहेगी और ऐसे में मुख्य टीम की जरूरत के मुताबिक ए टीम के खिलाड़ी को बुलाया जा सकता है।

अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय चयन समिति को कुछ खिलाड़ियों विशेष रूप से रिजर्व बल्लेबाजों को चुनने के लिए काफी सोच विचार करने की आवश्यकता होगी। इसमें घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अलावा राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके ऐसे खिलाड़ी भी होंगे जिन्होंने अभी तक अपनी क्षमता के मुताबिक खुद को साबित नहीं किया है। सभी खिलाड़ी अगर फिट और स्वस्थ रहे तो कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, शुभमन गिल और विराट कोहली का स्थान शुरूआती मैचों की अंतिम एकादश में तय होगा।

### बी साई सुदर्शन



प्रथम श्रेणी के 29 मैचों में सात शतक लगाने वाले साई सुदर्शन लाल गेंद के क्रिकेट में भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर नजर रखी जानी चाहिए। वह आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए पहले ही खुद को साबित हो चुके हैं। चयनकताओं की नजर इस खब्बू बल्लेबाज पर इसलिए भी होगी क्योंकि उनकी तकनीक अच्छी है और चोटिल होने से पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए के लिए भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

### श्रेयस अय्यर



श्रेयस पिछले साल रणजी क्रिकेट की जगह आईपीएल को तरजीह देने के लिए बीसीसीआई से फटकार झेलने के बाद लाल गेंद प्रारूप में बेहतर तकनीक के साथ उभरने वाले खिलाड़ी साबित हुए है। वह शॉर्ट पिच गेंदों को भी अब पहले की तुलना में अच्छे से खेलते है।

### रजत पाटीदार



पाटीदार के पास तकनीक और मैदान के चारों ओर सहजता से शॉट खेलने की शानदार क्षमता है लेकिन आंकड़ों पर गौर करे तो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर एक भी अर्धशतक नहीं लगाकर टेस्ट क्रिकेट में अपना मौका गंवा दिया है।

रणजी का पिछला सत्र (450 से कम रन) योजना के अनुसार नहीं चला, ऐसे में अगरकर की अगुवाई वाली समिति क्या उन पर एक बार फिर से भरोसा करेगी।

### करुण नायर

टेस्ट में भारत के लिए तिहरा



शतक जड़ने वाले केवल दूसरे बल्लेबाज नायर ने मध्यक्रम में अपनी लय खो दी थी लेकिन विदर्भ के साथ जुड़ने के बाद वह फॉर्म में शानदार तरीके से वापसी करने में सफल रहे। घरेलू सत्र उनके लिए स्वप्निल रहा, जिसमें उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 850 से अधिक रन बनाए। उन्होंने दो सत्र पहले कर्नाटक क्रिकेट से नजरअंदाज किये जाने के बाद एक ट्वीट किया था प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो और कौन जानता है कि इंग्लैंड दौरा उनके लिए वह मौका हो सकता है।

### देवदत्त पडिक्कल

एक और बाएं हाथ का बल्लेबाज जिसे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर



कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में पहले मैच में टेस्ट पदार्पण करने का मौका मिला। पडिक्कल ने दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ एक प्रभावशाली साझेदारी के दौरान अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। वह आईपीएल में अच्छे फॉर्म में हैं और अगर वह सीनियर टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो वह निश्चित रूप से भारत ए टीम में शामिल होंगे।

### सरफराज खान

न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में बेंगलुरु में 150 रन बनाने के बाद सरफराज को टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर लेनी चाहिए थी, लेकिन अगले टेस्ट मैचों में कुछ खराब शॉट चयन से उन्होंने अपनी जगह गवां दी।

ऑस्ट्रेलिया में, वह एक पर्यटक की तरह थे और पहली एकादश में जगह बनाने के लिए उनके बारे में चर्चा भी नहीं की गई। चयनकर्ता हालांकि निरंतरता के लिए उनके नाम पर विचार कर सकते हैं।



# बुमराह विजडन के अग्रणी पुरूष क्रिकेटर, महिला वर्ग में मंधाना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को विजडन क्रिकेट अलमैनेक के 2025 संस्करण में विश्व का अग्रणी पुरूष क्रिकेटर चुना गया जबकि महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला ।
दोनों भारतीय खिलाड़ियों को पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन के कारण यह सम्मान दिया गया है ।

इकतीस वर्ष के बुमराह ने 2024 सत्र में 14 . 92 की औसत से 71 टेस्ट विकेट लिये जो एक वर्ष में इस औसत से किसी गेंदबाज द्वारा लिये गए सर्वाधिक विकेट हैं । वह 20 से कम की औसत से 200 विकेट लेने वाले पहले टेस्ट गेंदबाज हैं । आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने 13 . 06 की औसत से 32 विकेट लिये ।

टी20 विश्व कप में उन्होंने 4 . 17 की इकॉनॉमी से 15 विकेट लिये और 2013 के बाद आईसीसी





टूर्नामेंट में भारत की पहली खिताबी जीत में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे ।

महिला वर्ग में सीनियर बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला । 28 वर्ष की मंधाना ने 2024 में 1659 रन बनाये जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड है । इसमें चार वनडे शतक शामिल थे जो भी एक रिकॉर्ड है ।

मंधाना दो बार यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बनी । वह 2018 में भी इस सम्मान के लिये चुनी जा चुकी हैं । वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को वर्ष का अग्रणी टी20 क्रिकेटर चुना गया।

# शिवम दुबे ने उभरते हुए 10 खिलाड़ियों के लिए सात लाख रुपये देने की घोषणा की

**चेन्नई(एजेंसी)** भारतीय ऑलरा-उंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया।

दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया।

दुबे ने समारोह के दौरान कहा, ह्यजब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो डॉ. बाबा (टीएनसीए सचिव) ने मुझे बताया कि यह (कार्यक्रम) यहां के कुछ युवाओं की



मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा। इस कार्यक्रम में सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथन भी शामिल हुए।

भारत की टी20 विश्व कप 2024 विजेता टीम का हिस्सा रहे इस क्रिकेटर ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार भले ही छोटे हों लेकिन यह युवा एथलीटों को देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरणा का काम करेंगे।

उन्होंने कहा, ये छोटी-छोटी चीजें उन्हें कड़ी मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करती हैं। मुझे अन्य राज्यों के बारे में पता नहीं है लेकिन मैंने मुंबई में ऐसी पहल देखी है। मैं निश्चित रूप से अन्य राज्यों को भी ऐसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए कहूंगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रहे दुबे ने कहा, यह 30,000 रुपये एक छोटी राशि लग सकती है, लेकिन यह प्रोत्साहन के रूप में काम करती है। जब आप युवा होते हैं, तो हर पैसा और हर पुरस्कार वास्तव में मायने रखता है।

जिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया उनमें पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), केएस वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वॉश), जयंत आरके, एस नंदना (दोनों क्रिकेट), कमली पी (सर्फिंग), आर अबिनया, आरसी जितिन अर्जुनन (दोनों एथलेटिक्स), और ए तक्षनाथ (शतरंज) का नाम शामिल है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।